


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 162/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 8 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## सोने के दाम में तेजी, चांदी सस्ती हुई

सोने की कीमतों में बुधवार (8 जनवरी) को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 284 रुपए बढ़कर 77,410 रुपए पर पहुंच गया है। मंगलवार को इसके दाम 77,126 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 6 रुपए गिरकर 89,468 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 89,474 रुपए प्रति किलो पर थी।




सांध्यप्रकाश विशेष

## ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर कंट्रोल के लिए ट्रंप कर सकते हैं सेना का इस्तेमाल

**वांशिगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा है कि वह ग्रीनलैंड और पनामा पर अपना नियंत्रण चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस नियंत्रण के लिए वह सैन्य या आर्थिक दबाव का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेंगे। यह बयान उन्होंने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया। इसके अलावा, ट्रंप ने एक नया अमेरिका का नक्शा भी साझा किया, जिसमें उन्होंने कनाडा को अमेरिका का हिस्सा बनाया है।



ट्रंप से जब दबाव के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं आपको इन दोनों पर भरोसा नहीं दिला सकता, लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि हमें आर्थिक सुरक्षा के लिए इनकी जरूरत है। ट्रंप का सपना पनामा नहर और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने का है। अगर ऐसा हो गया, तो अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा देश बन जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर और ग्रीनलैंड के बारे में कहा, मैं चाहता हूं कि पनामा नहर और ग्रीनलैंड पर हमारा अधिकार हो, क्योंकि ये दोनों अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगर जरूरत पड़ी, तो हम सैन्य कार्रवाई भी कर सकते हैं। पनामा नहर अमेरिका की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए जरूरी है। चीन पनामा नहर पर अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है, जो अमेरिका के लिए खतरे की बात है।

### बाइडन पर लगाया ये आरोप

डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया है कि जो बाइडन सत्ता का हस्तांतरण कठिन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में बाइडन के कुछ कार्यकारी आदेशों का उदाहरण दिया, जिनमें जलवायु और अन्य मामलों पर फैसले शामिल हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के फैसले पहले कभी नहीं देखे गए।

## मिस इंडिया रह चुकीं इशिका तनेजा बन गईं साध्वी, मध्यप्रदेश में ली गुरु दीक्षा

**जबलपुर।** मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड टूरिज्म रह चुकीं इशिका तनेजा ने अब आध्यात्म की राह पकड़ ली है। मंगलवार को जबलपुर में गुजरात के द्वारका धाम शारदा मठ में शंकराचार्य सदानंद सरस्वती से उन्होंने गुरु दीक्षा ली। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर इशिका ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत की है।



इशिका ने कहा कि मैं काफी समय से भटक रही थी और सोच रही थी कि किस दिशा में जाऊं। अब मुझे गुरु मिल गए हैं और मुझे विश्वास है कि अगर भगवान को पाना है, तो गुरु ही रास्ता दिखाते हैं। बता दें कि इशिका तनेजा ने साल 2017-18 में मिस इंडिया का खिताब जीता था। इसके बाद, 27 जनवरी 2018 को मलेशिया के मेलाका में आयोजित मिस वर्ल्ड टूरिज्म प्रतियोगिता में उन्हें बिजनेस वुमन ऑफ द वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था। वहीं 26 जनवरी 2016 को भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उन्हें भारत की 100 सफल महिलाएं के सम्मान से नवाजा था।

### सनातन धर्म के लिए काम करना

इशिका ने कहा कि सलाह से ज्यादा सलाह देने वाला व्यक्ति अधिक महत्वपूर्ण होता है। अब जब शंकराचार्य जी स्वयं सलाह दे रहे हैं, तो मुझे महसूस हो रहा है कि नेम-फेम के पीछे बहुत भाग लिया। अब मेरा उद्देश्य सनातन धर्म के लिए काम करना है। इशिका ने फिल्मों में भी काम किया था, लेकिन अब उनका फिल्म इंडस्ट्री से मोह भंग हो चुका है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह पूरी तरह से फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह चुकी हैं। उनका मानना है कि वहां अब सुख-शांति की कोई बात नहीं रही है और ओटीटी प्लेटफार्म आने के बाद फिल्म इंडस्ट्री अलग दिशा में जा रही है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रात में 25 किमी का सफर खतरनाक, गाड़ियों पर पत्थरबाजी

रतलाम और झाबुआ जिले से गुजरने वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रात के वक्त गुजरना खतरनाक होता जा रहा है। करीब 25 किमी का सफर तो 'डेंजर जोन' कहा जाने लगा। क्योंकि, इस एरिया में तमाम कोशिशों के बावजूद गाड़ियों पर पत्थरबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार से गुजरने वाली गाड़ियों पर होने वाली पत्थरबाजी से वाहन चालकों व उनमें सवार यात्रियों की जान को खतरा बना रहता है। रतलाम के पूर्व एसपी ने जरूर इस दिशा में पहल करते हुए पुलिस चौकियां बनाने की पहल की थी। पर, उनके तबादले के बाद मामला फिर ठंडा हो गया। यदि यही स्थिति रही तो भविष्य में लोग इस एक्सप्रेस वे पर रात में सफर करना बंद कर देंगे।




**एक्सप्रेस-वे पर खतरनाक सफर-** रतलाम और झाबुआ जिले के बीच दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रात के वक्त सफर खतरनाक हो गया। रात के वक्त रतलाम-झाबुआ के बीच से गुजरने वाले तेज रफ्तार वाहनों पर पत्थरबाजी की जा रही, इस कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बीते रविवार की देर रात भी एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात बदमाशों ने 5 वाहनों पर पथराव किया।



# राजभवन में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने ली बैठक

### विश्वविद्यालय कुलगुरु से लिया योजनाओं का फीडबैक; नई शिक्षा नीति एक्शन पर मांगे अपडेट

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं और कुलपतियों के साथ हायर एजुकेशन व्यवस्था में सुधार और बदलाव को लेकर बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

बैठक में नई शिक्षा नीति के आधार पर कॉलेजों में अध्ययन-अध्यापन पर जोर देते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने पर चर्चा हुई।

इसके साथ ही, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालयों के परीक्षा पैटर्न में बदलाव और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल और विश्वविद्यालयों के कुलगुरु व अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल से सीएम ने की सौजन्य मुलाकात

बैठक से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट की और गुलदस्ता देकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। बताया जाता है कि इस मुलाकात के दौरान प्रदेश के विकास और आगामी बजट सत्र को लेकर भी चर्चा हुई।



## नितिन गडकरी ने लॉन्च किया ड्राइविंग ट्रेनिंग पॉलिसी, 8 घंटे से ज्यादा गाड़ी नहीं चला पाएंगे ड्राइवर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में ड्राइवरों से जुड़ी एक बड़ी घोषणा की। उनका कहना है कि सरकार अब भारी वाहनों के ड्राइवरों के काम के घंटों को ट्रैक करने के लिए एक नया सिस्टम विकसित करने पर काम कर रही है। गडकरी ने इस बात को लेकर चिंता जताई कि वर्तमान में ड्राइवरों के काम के घंटे लंबे होते हैं, जो उनकी सुरक्षा और काम की उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।



नितिन गडकरी ने बताया कि आमतौर पर ड्राइवर 12 घंटे से अधिक समय तक काम करते हैं, जिससे न केवल उनकी सुरक्षा प्रभावित होती है बल्कि कार्य की गुणवत्ता भी कम हो जाती है। इस मुद्दे पर गडकरी ने कहा कि सरकार ड्राइवरों के काम करने के घंटों को सही तरीके से ट्रैक करने के लिए एक टेक्नोलॉजिकल सिस्टम पर काम कर रही है। उनका यह कदम सड़क सुरक्षा में सुधार और कामकाजी परिस्थितियों को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम पहल है।

गडकरी ने हाल ही में जयपुर में हुए एक दुर्घटना का उदाहरण दिया और कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि दुर्घटना के समय एलपीजी टैंकर के ड्राइवर ने 12 घंटे से अधिक समय तक गाड़ी चलायी थी। यह दुर्घटना इस बात का उदाहरण है कि ड्राइवरों के लंबे कामकाजी घंटों से कैसे दुर्घटनाएं हो सकती हैं और इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

### विकसित देशों के मानक और भारत की स्थिति

नितिन गडकरी ने इस मुद्दे को और गंभीर बनाते हुए कहा कि विकसित देशों में, जैसे अमेरिका और यूरोप में, ड्राइवरों को अधिकतम 8 घंटे तक ही गाड़ी चलाने की अनुमति होती है। वे इस नियम का सख्ती से पालन करते हैं। जबकि भारत में यह नियम ठीक से लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में कई विकल्पों पर विचार कर रही है, जिसमें आधार कार्ड के माध्यम से ड्राइवरों के काम के घंटों की निगरानी की जाएगी।

### ड्राइवर की सुरक्षा के लिए नए उपाय

गडकरी ने यह भी कहा कि सरकार अब भारी वाहनों में कुछ नए सुरक्षा फीचर्स को अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है। इनमें स्वचालित आपातकालीन ब्रेकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और ड्राइवर को नींद आने पर चेतावनी देने के लिए ऑडियो अलर्ट सिस्टम भी शामिल होंगे। ये उपाय ड्राइवरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेंगे।

## आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसे दानवों के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे: जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद को एक बहुत बड़ा खतरा बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले प्रायोजकों, वित्तपोषकों की तलाश कर उन्हें सख्त सजा देना बेहद जरूरी है। विदेश मंत्री ने इस दौरान प्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान पर कटाक्ष किया।



कजाखस्तान के अस्ताना में हाल की में एक साक्षात्कार के दौरान डॉ. एस जयशंकर ने ये बातें कहीं थीं। डॉ. जयशकंर ने जोर देते हुए कहा, 'तीन दानवों (आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद) के खिलाफ लड़ने की बेहद आवश्यकता है।' दरअसल, चार जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन आयोजित करवाया गया था। इस दौरान जयशंकर ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी की बैठक शुरू

**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव के लिए संसद में पेश हुए 129 वें संविधान (संशोधन) बिल की समीक्षा के लिए बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बुधवार को पहली बैठक हो रही है।




संसद के शीतकालीन सत्र में बिल के पेश होने के बाद 31 सदस्यों (लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसद) वाली जेपीसी का गठन किया गया था। हालांकि, कई पार्टियों की तरफ से जेपीसी में शामिल किए जाने के अनुरोध के बाद सरकार ने समिति में 8 सदस्य बढ़ा दिए। अब इस समिति में 27 सांसद लोकसभा से और 12 सांसद राज्यसभा से हैं। 39 सदस्यों वाली जेपीसी में कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी और सुखदेव भगत सिंह को शामिल किया गया है। भाजपा की तरफ से बड़े नामों में बांसुरी स्वराज, संबित पात्रा और अनुराग सिंह ठाकुर हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस से कल्याण बनर्जी का नाम है। इसके अलावा अन्य पार्टियों से भी सांसदों को इसका सदस्य बनाया गया है। इस समिति को अगले सत्र के आखिरी हफ्ते के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट पेश करनी होगी।

## हर दिल्ली वाले को 25 लाख का बीमा देंगे, कांग्रेस ने लॉन्च की जीवन रक्षा योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के बाद चुनावी पार्टियां मतदाताओं को लुभाने में लग गई हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने आज अपनी दूसरी गारंटी लॉन्च कर दी है। इस गारंटी के तहत हर दिल्लीवालों को 25 लाख का बीमा मिलेगा। कांग्रेस ने दिल्ली में प्यारी दीदी के बाद जीवन रक्षा योजना का एलान किया है।



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वास्थ्य बीमा योजना की गारंटी देते हुए कहा कि अगर दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनी तो दिल्ली के हर नागरिक को 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

जानकारी के मुताबिक, जीवन रक्षा योजना के तहत दिल्ली के सभी नागरिकों को 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा यानी 25 लाख रुपए तक का फ्री इलाज होगा। इससे पहले कांग्रेस ने दिल्ली की महिलाओं के लिए 2500 रुपये हर माह देने का वादा किया था। आप की महिला सम्मान योजना के सामने कांग्रेस ने प्यारी दीदी योजना की घोषणा की। कांग्रेस की इस योजना के तहत दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह 2500 रुपये दिए जाएंगे।

## दिल्ली में आप नेताओं को सीएम हाउस पर रोका गया, पीएम आवास रवाना हुए

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज बुधवार सुबह सीएम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने अंदर जाने से रोका गया। वे कुछ देर के लिए धरने पर बैठे, फिर पीएम आवास की ओर रवाना हो गए।

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा शीशमहल बनाने का आरोप लगा रही है। हम इन आरोपों की सच्चाई बताना चाहते हैं, इसलिए यहां पहुंचे हैं। हम जब यहां आए तो भाजपा वाले दिखाई नहीं दे रहे। दिल्ली पुलिस हमें अंदर जाने से रोक रही है। पीएम आवास की ओर रवाना होने से पहले सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा कह रही है कि सीएम हाउस में सोने का टॉयलेट लगाया गया है।



## बदल जाएगा कांग्रेस मुख्यालय का पता

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी बीजेपी की तर्ज पर दिल्ली में अपना नया नेशनल हेडक्वार्टर यानी राष्ट्रीय मुख्यालय तैयार कर लिया है। अभी तक कांग्रेस का मुख्यालय 24, अकबर रोड हुआ करता था। कांग्रेस का नया दफ्तर नई दिल्ली में 9ए, कोटला रोड पर बनाया गया है। इसका नाम इंदिरा गांधी भवन रखा गया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 15 जनवरी को सुबह 10 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी तमाम नेताओं की मौजूदगी में एआईसीसी के नए हेडक्वार्टर का उद्घाटन करेंगे।



## महाकुंभ में तीन अखाड़ों की पेशवाई





**प्रयागराज।** महाकुंभ में आज तीन अखाड़े एक साथ प्रवेश कर रहे हैं। तीनों अनि अखाड़ों की पेशवाई यानी छावनी प्रवेश शोभायात्रा निकली है। श्री निर्वाणी अनि अखाड़ा, श्री निर्मोही अनि अखाड़ा और श्री दिगंबर अनि अखाड़े के करीब 5 हजार साधु-संत हाथी, घोटे, ऊंट, रथ पर सवार होकर निकले हैं। जगह-जगह संत करतब दिखा रहे हैं। तलवारें लहरा रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज चौराहे के पास निकाली गई यात्रा करीब 3 किमी की दूरी तय कर महाकुंभ मेले में प्रवेश करेगी। दिगंबर अनि अखाड़े के महामंडलेश्वर सरयू दास महाराज ने बताया- तीनों अखाड़ों के संत पूरी भव्यता से महाकुंभ के लिए रवाना हुए हैं। आगे अखाड़े की धर्म ध्वजा लिए संत चल रहे हैं। धर्म ध्वजा पर अखाड़े के ईष्ट हनुमानजी विराजमान हैं। अभी तक 7 अखाड़ों की पेशवाई हो चुकी है। आज 3 अखाड़े और प्रवेश कर रहे हैं।

# 40 दिनी भगवान झूलेलाल प्रभात फेरी का समापन 10 को भंडारे के साथ होगा



**संत हिरदाराम नगर।** भगवान झूलेलाल के 26वें वंशज ठकुर साईं मनीषलाल साहिब के आहवान पर देश विदेश में नाहरी माह के पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब व्रत के निमित्त 2 दिसंबर से निकाली जा रही प्रभात फेरी का समापन 10 जनवरी को पूज्य बहिराणा साहब एवं भंडारे का आयोजन कर बड़े धूमधाम से किया जाएगा। संत हिरदाराम नगर पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत आसवानी ने बताया कि आदिकाल से ही परिवार समाज एवं देश की खुशहाली हेतु सिंधी समाज 18 घंटे निर्जल निराहार रहकर पूज्य झूलेलाल चालीहा व्रत रखता आया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल के 26वें वंशज ठकुर साईं मनीष लाल साहब की आज्ञा अनुसार सिंधी समाज के प्राचीन प्रमुख तीर्थ स्थान

## भरूच से लाई गई अखंड ज्योत एवं ग्रंथश्री अमर कथा के साथ निकाली जा रही प्रभात फेरी

श्री वरुण देव झूलेलाल मंदिर भरूच गुजरात से लाई गई अखंड ज्योत एवं भगवान झूलेलाल के ग्रंथ श्री अमर कथा के साथ निकाली जा रही प्रभात फेरी का समापन 10 जनवरी को होगा। पिछले 2 दिसंबर से संत हिरदाराम नगर के पुराना बी वार्ड में स्थित झूलेलाल ठकुर आसानलाल मंदिर से यह प्रभात फेरी रोजाना सुबह 6 बजे शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई 7:30 बजे मंदिर पर समाप्त होती है। जिसके समापन कार्यक्रम में 10 जनवरी शुक्रवार को सुबह 5 बजे पूज्य बहिराणा साहिब का आयोजन कर सुबह 6:30 बजे पूज्य बहिराणा साहिब के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई सुबह 8:30 बजे पुराना बी वार्ड स्थित ठकुर आसानलाल धर्मशाला पहुंचेगी। जहां सभी के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके बाद सुबह 10:30 बजे वहां से रवाना होकर सुबह 11 बजे शीतल दास की बगिया पहुंचेगी जहां पर पूज्य बहिराणा साहब का विधि विधान से विसर्जन किया जाएगा।

## भोपाल मंडल के 9 प्रमुख स्टेशनों पर चलाया किलाबंदी टिकट चेकिंग

भोपाल मंडल ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर रोक लगाने के लिए 07 जनवरी 2025 को किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, गुना, बीना, इटारसी, हरदा, विदिशा और नर्मदापुरम स्टेशनों पर सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष जांच की गई। अभियान के दौरान 135 ट्रेनों के यात्रियों की टिकट जांच की गई। कुल 1195 मामलों में यात्रियों से ?6,32,980 का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में संचालित किया गया।




## दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया आईसीएमएआई की दिसम्बर 2024 की फाउन्डेश परीक्षा का परिणाम घोषित



**भोपाल।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया ने कॉस्ट अकाउंटेंसी की दिसम्बर 2024 में आयोजित फाउन्डेश, परिक्षा का परिणाम घोषीत कर दिया है। इंस्टीट्यूट के भोपाल चेप्टर का परिणाम काफी उत्साहजनक रहा है। फाउन्डेश 62 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। वंशिका राठौर प्रथम, कनिका माहेश्वरी दूसरा, प्रीति चौहान तीसरा स्थान प्राप्त किया है जून.2025 की परीक्षा के लिए अगली पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक है। परिणाम संस्थान की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। भोपाल चैप्पटर के सदस्यों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कर्मचारियों का मनोबल न तोड़े सरकार: पांडे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारीमंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर मांग करी है की सरकार कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने वाले आदेशों को जारी करने के पहले पुनर्विचार करें। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि राज्य सरकार ने आदेश जारी करा है की तृतीय श्रेणी कर्मचारी 31 जनवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से अपनी चल अचल संपत्ति का ब्यौरा राज सरकार को दे इस फरमान से प्रदेश का लाखों कर्मचारी आहत हुआ है क्योंकि चल अचल संपत्ति का ब्योरा देने का आदेश तो 2010 से प्राचलित है नए आदेश ने कर्मचारी का मनोबल तोड़ने का काम किया है सरकार को यदि चल अचल संपत्ति का ब्योरि मांगना ही है तो सरकार विधायक मंत्री और सांसदों से मांगे जिन्हें सरकार प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च करने के लिए अतिरिक्त राशिआवंटित करती है और राजनेता कभी भी चल अचल संपत्ति का ब्योरा ना तो शासन को देते हैं ना विधानसभा में देते हैं नया आदेश सरकार राजनेताओं के लिए जारी करती तो जनता में एक अच्छा संदेश जाता है कर्मचारी वर्ग को चिन्हित करके सरकार ने हिसाब मांगने का जो परिपत्र जारी करा है इससे कर्मचारी वर्ग में नकारात्मक की भावना उत्पन्न हुई है कर्मचारी का मनोबल टूटा है कर्मचारी अपने को अपमानित महसूस कर रहा है सरकार ऐसे आदेश जारी करने के पहले पुनर्विचार करें कर्मचारी सरकार की रीड की हड्डी है उसे भी सम्मान प्राप्त करने का हक है।

## मेडिकोलीगल संस्थान के 2 अधिकारियों पर कार्रवाई

भोपाल। राज्य शासन ने मेडिकोलीगल संस्थान, भोपाल के प्रभारी संचालक डॉ. नीलम श्रीवास्तव और सहायक ग्रेड-02 (स्थापना प्रभारी) आर.के. वर्मा को अनुशासनहीनता और उच्च न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डॉ. नीलम श्रीवास्तव के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 29073/2023 (डॉ. अशोक कुमार शर्मा बनाम मध्य प्रदेश शासन व अन्य) में नियम और प्रक्रियाओं का पालन न करने, सेवानिवृत्ति उपरांत देयताओं में अनियमित वसूली करने, और शासन के निर्देशों की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनके खिलाफ मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1)(क) के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। आर.के. वर्मा, सहायक ग्रेड-02 और स्थापना प्रभारी, पर भी उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 29073/2023 के संदर्भ में संस्थान स्तर पर दस्तावेजों में नियम संगत टिप्पणी न देने और वसूली प्रक्रिया में नियमों का पालन न करने का आरोप है। साथ ही, उन पर शासन के निर्देशों की अवहेलना और अनुशासनहीनता का भी आरोप है।

## मध्य प्रदेश में टाटा मोटर्स ने ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी के साथ नए मानक स्थापित किये

**भोपाल।** भारत की अग्रणी ऑटोमोटिव निर्माता, टाटा मोटर्स सीएनजी वाहन सेगमेंट को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कंपनी ने खुद को मार्केट लीडर के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। मजबूत उत्पाद पोर्टफोलियो और रणनीतिक पहलों के साथ, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही तक संपूर्ण सीएनजी सेगमेंट में प्रभावशाली 21.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। मध्य प्रदेश में, इस अवधि के दौरान ब्रांड की कुल कार बिक्री में सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत थी, जो मजबूत क्षेत्रीय विकास की स्थिति को दर्शाता है। पर्यावरण अनुकूल मोबिलिटी के प्रति टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता उभरते ऑटोमोटिव परिदृश्य को अपनाने के लिए इसके सक्रिय दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से जाहिर होती है। टियागो, टिगोर, नेक्सॉन,ऑल्ट्रोज़ और पंच जैसे लोकप्रिय मॉडल सीएनजी मॉडल्स की बिक्री को बढ़ाने में सहायक रहे हैं, जिनकी वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांड की बिक्री में क्रमशः 22 प्रतिशत, 48 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 32 प्रतिशत और 35 प्रतिशत की हिस्सेदारी रही है।

## मध्यप्रदेश में साइंस, टैक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स एजुकेशन में बदलाव के लिए लॉन्च किया डिजिटल शाला प्रोजेक्ट



**भोपाल।** पीएनबी हाउसिंग की सीएसआर शाखा पहल फाउंडेशन ने मुस्कान ड्रीम्स के सहयोग से डिजिटल शाला प्रोजेक्ट शुरू किया है, जो साइंस, टैक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स से संबंधित शिक्षा को आगे बढ़ाने और कक्षाओं में तकनीक आधारित इनोवेशन लागू करने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल है। यह पहल नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अनुरूप है, जिसमें शिक्षा तक सभी लोगों की पहुँच, सबके लिए समान अवसर, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही पर पूरा फोकस किया गया है।

## प्रदेश के चयनित युवा राष्ट्रीय युवा उत्सव में करेंगे सहभागिता: सारंग



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

खेल और युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत-2047 विजन एवं GYAN पर ध्यान और GYAN को सम्मान' (जी-गरीब, वाय-युवा, ए-अन्नदाता, एन-नारी) का सूत्र दिया है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी प्रेरणा के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विगत एक वर्ष में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 28वां राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं्ठ

देश में सर्वाधिक म.प्र. के युवाओं की प्रतिभागिता

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि विकसित भारत 2047 के विज़न में युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलॉग केंद्र सरकार का मंच है। इसमें चयनित युवा प्रधानमंत्री श्री मोदी के समक्ष राष्ट्र की प्रगति के लिए नये विचार देंगे। प्रथम चरण में डिजिटल क्विज 25 नवंबर से 10 दिसंबर, 2024 तक माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है। इसमें देश में सर्वाधिक मध्यप्रदेश के 1.79 लाख युवाओं द्वारा प्रतिभागिता की गई। द्वितीय चरण में निबंध लेखन प्रतियोगिता में 10 टॉपिक पर ऑनलाईन कुल 1986 निबंध प्राप्त हुए। जिसमें से प्रत्येक टॉपिक से 25 प्रतिभागियों, इस प्रकार कुल 250 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। तृतीय चरण में द्वितीय चरण के चयनित 250 युवाओं द्वारा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में 10 टॉपिक पर प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें 45 प्रतिभागी चयनित किए गए। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि अगले और अंतिम चतुर्थ चरण भारत मंडपम नई दिल्ली में प्रदेश के तृतीय चरण में चयनित 45 प्रतिभागी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 11 व 12 जनवरी, 2025 में सहभागिता के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के निर्माण में अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे। युवा उत्सव में प्रदेशभर में जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव का विशेष आयोजन किया गया है। इस वर्ष युवा उत्सव का आयोजन कुल 7 विधाओं यथा समूह लोकगीत, समूह लोकगायन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, कहानी लेखन एवं कविता लेखन में किया गया था। प्रदेश में युवा उत्सव का आयोजन जिला स्तर पर 18 से 26 दिसम्बर 2024 तक 10,500 प्रतिभागियों के साथ और संभाग स्तर पर 3 से 5 जनवरी 2025 तक 1700 प्रतिभागियों के साथ किया।

**विकसित भारत-2047 का लक्ष्य**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ 6 जनवरी 2025 को किया गया। इसमें 10 संभागों के लगभग 350 प्रतिभागी 7 विधाओं में प्रतिभागिता कर रहे हैं। राज्य स्तर से चयनित प्रदेश का दल 12 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के युवा उत्सव में प्रतिभागिता करेगा। प्रदेश के युवाओं में जागरूकता, सेवा भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का विकास कर उन्हें विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में उनकी भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि प्रदेश के देशभक्त एवं उर्जावान युवाओं को पुलिस एवं आर्मी में रोजगार तथा देश प्रेम की भावना जागृत करने के लिये योजना तैयार की गई है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 जनवरी 2025 को दोपहर एक बजे टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में करेंगे। योजनान्तर्गत प्रदेश के युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, पैरा मिलिट्री आदि में रोजगार के अवसर देने के लिये भर्ती पूर्व शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षण योजना संभाग स्तर पर संचालित की जायेगी।

योजनान्तर्गत भर्ती पूर्व युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम विभाग की संभाग स्तरीय अधोसंरचना में संचालित किया जायेगा। युवाओं को शारीरिक दक्षता (फिजीकल टेस्ट), लिखित परीक्षा (सामान्य ज्ञान, गणित, अंग्रेजी आदि) एवं व्यक्तित्व विकास के लिये प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदाय किया जाएगा। प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा किया जायेगा।



**भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अजमेर शरीफ में चढ़ाने के लिए चादर रवाना की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता और राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी व अन्य लोग मौजूद रहे।**




**महापौर मालती राय ने आज गांधी नगर स्थित सागर कालेज में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 78वा स्थापना दिवस के अवसर पर ‡स्टैंडर्स कार्निवल‡ का दीप प्रजुलित कर उद्घाटन किया।**



**भोपाल। युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम**

## बाल हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा की गई डेढ़ सौ अधिक बच्चों की जांच

**भोपाल।** छोटे बच्चों में जन्मजात दिल की बीमारियों की जांच के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित शिविर में 164 बच्चों में हृदय रोग संबंधी समस्याओं की जांच की गई । बाल हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा 155 बच्चों का इको टेस्ट किया गया। बच्चों का चिन्हांकन आर.बी.एस.के. दल द्वारा फील्ड स्तर से किया गया था। दल द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में जाकर बच्चों की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई थी । फील्ड स्क्रीनिंग के दौरान जिन बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के प्रारंभिक लक्षण पाए गए थे, उनको विशेषज्ञ जांच के लिए आर बी एस के टीम ने जयप्रकाश जिला अस्पताल परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र रेफर किया था। बच्चों की विशेषज्ञीय जांच बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुप्रतीम सेन द्वारा की गई । जिन बच्चों की पूर्व में निशुल्क हृदय रोग सर्जरी करवाई गई थी ,उनकी फॉलोअप जांच भी शिविर में की गई । जांच के दौरान 49 बच्चों को सर्जरी के लिए चिह्नित किया गया है। इन बच्चों का निशुल्क उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत करवाया जावेगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि 18 साल तक की उम्र के बच्चों में विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है ।



# संस्कार विद्यालय में संगीतमय हनुमान चालीसा देखकर अद्भुत लगा:विष्णु विश्वकर्मा

**संत हिरदाराम नगर।** संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारम्भ किया था। इसी कड़ी में इस मंगलवार को संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, म.प्र. कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, सुरेश वासवानी, लाल ग्वालानी उपस्थित होकर एक हजार बच्चों के साथ अनुशासन में स्वरबद्ध हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर बसंत चेलानी ने जय सियाराम उद्घोष के साथ विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में सनातन धर्म के कई लोग प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करते है, जो व्यक्ति रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करते है उसकी रक्षा स्वयं हनुमान करते है हनुमान चालीसा का पाठ करने से नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है। विष्णु विश्वकर्मा ने उपस्थित सभी लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि संस्कार प्रांगण में आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है आप प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करते है। आपके विद्यालय में जब पढ़ाई का समय होता है तब पढ़ाई होती है और जब पूजा का समय होता है तब पूजा होती है और यह सारा काम बच्चे मन लगाकर करते है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप विद्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ करते है आप पर हनुमान जी कृपा बनी रहेगी और आप निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े और अपने जीवन को सफल करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित होकर बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।



# सिंहस्थ-2028 के लिए 1451 करोड़ के नए कार्यों को मिली स्वीकृति

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई सिंहस्थ-2028 की मंत्रि-मंडलीय समिति की द्वितीय बैठक

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन और इंदौर संभाग गतिविधियों के मुख्य केंद्र रहेंगे। इन संभागों में 2 ज्योतिर्लिंग होने से श्रद्धालुओं का आवागमन तथा धार्मिक गतिविधियां तुलनात्मक रूप से अधिक होंगी। इंदौर-उज्जैन संभाग में जारी विभिन्न विभागों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों, यह मॉनिटरिंग प्रत्येक 15 दिन में सुनिश्चित करें। सक्षम स्तर के अधिकारी बैठक कर, कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। ऐसे विषय जिन में उच्च स्तर से समन्वय या मार्गदर्शन आवश्यक है, वे विषय राज्य शासन के संज्ञान में लाए जाएं। निर्माण एजेंसियों को सौंपे गए कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर विलंब के कारणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में हुई सिंहस्थ-2028 की मंत्रि-मंडलीय समिति की द्वितीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधोसंरचना से संबंधित जिन कार्यों के निर्माण में अधिक समय लगना है, उन सब की मंत्रि-मंडलीय समिति से स्वीकृति प्राप्त करने और निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने का कार्य मार्च-2025 तक कर लिया जाए। जल प्रदाय, सीवरेज के कार्य तत्काल आरंभ किए जाएं। इसके साथ ही उज्जैन तथा इंदौर जिलों में बस अड्डों की क्षमता वृद्धि या नवीन बस अड्डों के विकास की कार्य योजना भी मार्च-2025 तक तैयार की जाए। सिंहस्थ-2028 के लिए समस्त विभागों के अधोसंरचनात्मक कार्यों की कार्य-योजना को सितंबर-2025 तक अंतिम रूप दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की व्यवस्थाओं को श्रेष्ठतम स्वरूप देने के लिए प्रयागराज कुंभ के साथ ही हरिद्वार कुंभ मॉडल का अध्ययन भी किया जाएगा। प्रयागराज कुंभ पूर्ण होने के बाद वहां क्रॉउड मैनेजमेंट, ड्रोन सर्वे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग तथा अन्य गतिविधियों में लगी कंपनियों व स्टार्ट-अप का उज्जैन में सम्मेलन आयोजित कर वहां की बेस्ट प्रैक्टिसेस का क्रियान्वयन सिंहस्थ-2028 में करने की कार्य योजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं के आवागमन में सुगमता के लिए रेलवे से समन्वय के उद्देश्य से विशेष सेल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाटों तक श्रद्धालुओं के आसानी से आवागमन के लिए उपयुक्त पहुंच मार्ग विकसित किए जाएं। उज्जैन, इंदौर और देवास में होने वाले निर्माण कार्यों में सीवरेज, स्वच्छता और हरियाली का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटकों की सुविधा की दृष्टि से धर्मशालाओं के उन्नयन के लिए भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को देखते हुए, आवश्यकतानुसार विभागों में प्रशासकीय संरचनाओं का विस्तार तत्काल किया जाए।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सिंहस्थ, सदियों पुरानी सनातन परम्परा को जीवंत करने का उत्सव है। सिंहस्थ-2028 में पधार रहे श्रद्धालुओं के आवागमन और उनकी सुविधाजनक आवास व्यवस्था के लिए इंदौर, उज्जैन और देवास क्षेत्र में समन्वित रूप से व्यवस्थाएं विकसित की जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि मंत्रि-मंडलीय समिति द्वारा प्रथम बैठक में जल संसाधन, ऊर्जा, लोक निर्माण, संस्कृति, पुरातत्व और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के लगभग 5 हजार 955 करोड़ रूपए लागत के 19 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। बैठक में क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह के लिए संचालित योजना सहित क्षिप्रा व कान्ह नदी पर प्रस्तावित बैराजों के निर्माण, कान्ह नदी डायवर्शन और घाट निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही महाकाल लोक कॉरीडोर में पाषाण प्रतिमाओं के निर्माण, इंदौर-उज्जैन मार्ग के सिक्स लेन में चौड़ीकरण कार्य सहित उज्जैन के महत्वपूर्ण मार्गों, उज्जैन शहर की सीवरेज परियोजना आदि का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंत्रि-मंडलीय समिति ने गृह, पर्यटन, संस्कृति तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग के एक हजार 451 करोड़ रूपए लागत के 56 कार्य को स्वीकृति प्रदान की। इनमें गृह विभाग के अंतर्गत निर्मित होने वाले कंपोजिट कंट्रोल रूम उज्जैन, नवीन थाना भवन, इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर खण्डवा सहित उज्जैन, खण्डवा, देवास, इंदौर, आगर-मालवा, खरगोन में बनने वाले पुलिस आवास, थाना, ट्रांजिट हॉस्टल व कैम्प, बैरक आदि शामिल हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण 5 सड़कों के चौड़ीकरण कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

मंत्रि-मंडलीय समिति ने पर्यटन विभाग के अंतर्गत उज्जैन में होटल महाराजबाड़ा द हेरिटेज, ग्रांड होटल, क्षिप्रा रेसीडेंसी तथा होटल उज्जैयिनी के उन्नयन, मंदसौर में पर्यटन सुविधा केन्द्र के उन्नयन और ओंकारेश्वर सर्किट विकास के अंतर्गत इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर में यात्री सुविधाओं के विकास को स्वीकृति प्रदान की गई। नर्मदा रिसोर्ट महेश्वर, चोरल रिसोर्ट इंदौर, ओंकारेश्वर में नवीन होटल निर्माण और उज्जैन के होटल अवंतिका के उन्नयन कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई। संस्कृति विभाग के अंतर्गत लाल बाग पैलेस परिसर इंदौर के उन्नयन, दरबार हॉल राजबाड़ा इंदौर के अनुरक्षण और विकास कार्य, ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर कॉम्पलेक्स के विकास और वीर दुर्गादास जी की उज्जैन स्थित छतरी के विकास और अनुरक्षण कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल की अध्यक्षता में राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड की बैठक संपन्न

# निसंतान दंपतियों की सुविधा के लिये राज्य समुचित प्राधिकारी एआरटी एवं सरोगेसी समिति का होगा गठन



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में मंत्रालय भोपाल में राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश में अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा की। राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड द्वारा राज्य स्तर पर आवेदित सरोगसी प्रकरणों पर समुचित विचार कर यथोचित निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य एसिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड की बैठक स्थापित प्रावधान अनुसार प्रत्येक चार माह में की जाती है। निसंतान दंपतियों की सुविधा एवं विनियामक प्रावधान को दृष्टिगत रखते हुए राज्य समुचित प्राधिकारी एआरटी एवं सरोगेसी के गठन के आदेश दिए गए। यह समिति सरोगेसी आवेदन राज्य स्तर पर प्राप्त होते ही तकनीकि व विधिक विशेषज्ञो का अभिमत प्राप्त कर, सरोगेसी की अनुमति के समुचित निर्णय लेने के लिये सक्षम होगी। बैठक में विधानसभा सदस्य श्रीमती प्रियंका मीणा, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, संचालक एमसीएच डॉ. अरुणा कुमार, वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा तिवारी सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ शामिल रहे।

### स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को एफआरयू बनाने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं करें: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों के साथ ही वहां आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और आवश्यक मैनपॉवर की भर्ती की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। इससे स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाओं का सुचारू और समय पर प्रदाय सुनिश्चित होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में विकसित करने के लिये अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ भी की जायें। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ होंगी और जिला अस्पतालों पर बढ़ते भार को भी कम किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सशक्तीकरण से संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित किया जा सकेगा, जिससे मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

# मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे आम जन के परेशान होने पर अफसरों को लगी फटकार

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री निवास में सीएम जनसंवाद छह जनवरी से शुरु होंने की मीडिया में आई खबरों के बाद सोमवार को प्रदेशभर से सैकड़ों नागरिक सोमवार को सीएम हाउस में सुबह आठ बजे से आ जुटे। बारह बजे तक ये सीएम हाउस के बाहर परेशान होते रहे। इन्हें नियंत्रित करने के लिए पुलिस भी बुलानी पड़ी। इस पूरे घटनाक्रम में वष्ठि अफसरों की लापरवाही पर सीएम डॉ मोहन यादव भारी नाराज है। सीएम ने अफसरों की वन टू वन बैठक बुलाकर इस घटनाक्रम पर उनको तलब किया। आने वाली प्रशासनिक सर्जरी में ऐसे गैर जिम्मेदार अफसरो को बदला भी जा सकता है। सीएम को जब इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिली तो उनके निर्देश पर सीएम हाउस पहुंचे 321 लोगों के आवेदन सीएम सचिवालय ने एकत्रित किए और इन सभी का निराकरण अब अफसर कर रहे है। मीडिया में सीएम जनसंवाद की शुरुआत छह जनवरी से होंने की खबरो के आने के बाद सोमवार को प्रदेशभर से 321 नागरिक सीएम से मुलाकात कर अपनी समस्या सुलझाने के लिए सीएम हाउस आ पहुंचे थे। सुबह आठ बजे से सीएम से मिलने के लिए पहुंचे इन नागरिकों ने 12 बजे तक इंतजार किया लेकिन सीएम से मुलाकात नहीं हो पाई। दरअसल सीएम जनसंवाद 13 जनवरी से शुरु होना है लेकिन छह जनवरी से इसके शुरु होंने की खबरों के मीडिया में आने के बाद प्रदेशभर से लोग सीएम हाउस आ पहुचे थे और सीएम का इंतजार करते हुए वे काफी देर तक परेशान हुए। सीएम हाउस में बाद में इन सभी के आवेदन एकत्रित कर लिए गए। मुख्यमंत्री निवास पर आने वाले आमजनों से कुल 321 आवेदन मिले थे। इनमें से राज्य स्तर के 70, जिला स्तर के 246, मुख्यमंत्री कार्यालय के पांच, हेल्थ चैकअप के दस लोगों के आवेदन सीएम सचिवालय ने लिए। दस लोगों को दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। इस पूरे घटनाक्रम से नाराज सीएम ने अफसरों को तलब कर उनसे वन टू वन चर्चा की । सीएम डॉ मोहन यादव ने सीएम सचिवालय के अफसरों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई के लिए आने वाले प्रत्येक आवेदन का निराकरण किया जाए। सीएम जनसंवाद में अब मुख्यमंत्री उपस्थित रहे या न रहे इसमें समस्याओं के निराकरण के लिए आने वाले हर नागरिक के आवेदनों का निराकरण होगा। सीएम सचिवालय इसकी मानीटरिंग करेगा और इसके लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा। इस पोर्टल पर सीएम से मुलाकात के इच्छुक आमजन को भोपाल बुलाया जाएगा। वहीं सोमवार को सीएम जनसंवाद शुरु होंने के भ्रम में सीएम हाउस पहुंचे 321 लोगों की समस्याओं से जुड़े आवेदन पत्र सीएम सचिवालय ने ले लिए है। सीएम ने इन सभी आवेदन पत्रों की समीक्षा करने और उन पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश इनसे जुड़े विभगों के अफसरों को दिए है। प्रदेश में जो नियमित जनसुनवाई की व्यवस्था विभिन्न अधिकारियों के स्तर पर है उस व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सीएम कार्यालय इसकी मॉनीटरिंग करेगा। सुशासन के अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिकों का कल्याण करने के निर्देश सीएम ने अफसरों को दिए है। इसके अलावा प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सीएम भ्रमण करते है वहां भी नागरिकों से भेंट करते है वहां मिलने वाले आवेदनों को भी इस मानीटरिंग में शामिल किया जाएगा।

# राज्य सरकार ने मेडिकोलीगल संस्थान की डायरेक्टर को किया सस्पेंड



**भोपाल।** राज्य सरकार ने मेडिकोलीगल संस्थान भोपाल की डायरेक्टर डॉ. नीलम श्रीवास्तव को सस्पेंड कर दिया है। यह फैसला एमपी हाईकोर्ट में दायर एक याचिका के बाद लिया गया, जिसमें उन पर नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने का आरोप था। याचिका डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने मप्र शासन और अन्य के खिलाफ दायर की थी। डॉ. नीलम श्रीवास्तव पर रिटायर होने वाले करदाताओं से नियमों के खिलाफ मनमानी वसूली करने, शासन के निर्देशों की अवहेलना करने और अनुशासनहीनता बरतने का आरोप था। इन कारणों से उन्हें निलंबित किया गया है। हालांकि, राज्य सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि डॉ. श्रीवास्तव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

**शशिकांत शुक्ला को अस्थाई प्रभार सौंपा गया:** राज्य सरकार ने शशिकांत शुक्ला, निदेशक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रायेगशाला को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक प्रभारी संचालक, मेडिकोलीगल संस्थान, भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है।

# उपभोक्ताओं पर बगैर बोझ बढ़ाये सब्सिडी का भार करें कम: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने की ऊर्जा विभाग की समीक्षा

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को आदर्श राज्य बनायें। ऐसी कार्य-योजना बनायें कि उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाये बगैर बिजली सब्सिडी का भार कम किया जा सके। उन्होंने यह निर्देश मंत्रालय में ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों के क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य को गति दें। इससे होने वाले लाभों के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जले एवं खराब वितरण ट्रांसफार्मरों को समय-सीमा में बदला जाये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिये सभी बिजली कम्पनियों की संगठनात्मक संरचना (ओ.एस.) का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जल्द ही इसे स्वीकृत किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 30 लाख किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लक्ष्य को पूरा करने के लिये सुनियोजित कार्य-योजना बनायें। इसकी समय-सीमा तय होना चाहिये। इससे बिजली सब्सिडी में भी कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध करायें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने संगठनात्मक संरचना स्वीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ट्रांसफार्मर एवं बिजली लाइनों के मेंटीनेंस की कार्य-योजना बनाने और अवैध बस्तियों में रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन देने की बात कही।

**12 लाख 57 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गए**

बैठक में बताया गया कि आरडीएसएस योजना में 12 लाख 57 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 6 लाख 70 हजार 644, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 77 हजार 100 और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 5 लाख 9 हजार 338 स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। बैठक में अटल गृह ज्योति, अटल किसान ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये गये। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने विभागीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।इस दौरान मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भोपाल बनेगा साहित्य नगरी, महापौर ने भेजा प्रस्ताव

### महापौर ने भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित किए जाने के लिए यूनेस्को को भेजे जाने वाले एप्लीकेशन और डिक्लेरेशन पर किए हस्ताक्षर

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**




पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा है कि समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध भोपाल को यूनेस्को में विश्व की साहित्य नगरी के रूप में पहचान दिलाई जाएगी। भोपाल को साहित्य सृजन, संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान मिलेगी। राज्य मंत्री श्री लोधी, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन में यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित करने के प्रस्ताव पर हितधारक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि इससे भोपाल के साहित्य और साहित्यकारों को वैश्विक मंच मिलेगा। साथ ही भोपाल के शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति मिलेगी। महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय ने भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित किए जाने के लिए एप्लीकेशन और डिक्लेरेशन पर हस्ताक्षर किए। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि यूनेस्को द्वारा भोपाल को साहित्य नगरी घोषित किए जाने के हर संभव प्रयास किए जायेंगे। इस उपलब्धि से भोपाल शहर का गौरव बढ़ेगा। आने वाले समय में भोपाल विश्व का साहित्यिक और सांस्कृतिक केंद्र बनेगा। प्रमुख सचिव संस्कृति, पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे भोपाल की साहित्यिक विरासत दुनिया के सामने आयेगी। यूनेस्को ने साहित्य के क्षेत्र में 39 देशों के 53 शहरों को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल किया है। पिछले वर्ष केरल के कोझिकोड शहर को यूनेस्को ने साहित्य के क्षेत्र में शामिल किया था। भोपाल को देश का दूसरा शहर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्वालियर को यूनेस्को द्वारा म्यूजिक सिटी का दर्जा दिए जाने के बाद से ग्वालियर में युवाओं में संगीत के प्रति रुझान बढ़ा है। इसी तरह भोपाल को साहित्य नगरी का दर्जा मिलने के साथ ही युवा भी साहित्य सृजन और पठन के प्रति आकर्षित होंगें। भोपाल को यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल किए जाने के डोजियर को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा तैयार किया गया है। इसे संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को भेजा जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित होने पर डोजियर यूनेस्को को मूल्यांकन के लिए प्रेषित किया जाएगा। संगोष्ठी में हितधारकों को यूनेस्को के क्रिएटिव सिटी नेटवर्क की जानकारी देते हुए बताया गया कि यूनेस्को द्वारा शहरों को 7 श्रेणियों में मान्यता दी जाती है। इसमें शिल्प और लोक कला, रचना, फिल्म, पाक कला, साहित्य, संगीत और मीडिया आर्ट शामिल है। भोपाल में संस्कृति विभाग द्वारा 150 से ज्यादा सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन और भारत भवन द्वारा 20 से अधिक वार्षिक आयोजन किए जाते हैं। भोपाल में 70 से अधिक लाइब्रेरी और रीडिंग सेंटर्स है। इसके साथ ही समुदायों और संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन भोपाल में किया जाता है। संगोष्ठी में प्रेजेंटेशन से हितधारकों को भोपाल को साहित्य नगरी का दर्जा दिलाने के लिए शहर में हो रहे साहित्यिक कार्यक्रम और गतिविधियों, संकलन, एग्जिबिशन और आयोजन की जानकारी के साथ अगले 4 वर्षों में साहित्य के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संचालक संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव, अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अन्तर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, आदिवासी लाके कला एवं बोली विकास अकादमी, साहित्य अकादमी, कालिदास संस्कृत अकादमी, सिंधी साहित्य अकादमी, मराठी साहित्य अकादमी, भोजपुरी साहित्य अकादमी, पंजाबी साहित्य अकादमी आदि के निदेशक और प्रतिनिधि, साहित्यकार और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहें।

स म्पा द की य

# दिल्ली में चुनाव

आखिरकार राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव आयोग ने चुनावों की तारीखों ऐलान कर दिल्ली की राजनीतिक जंग को हरी झंडी दिखा ही दी। हालांकि अघोषित तौर पर चुनावी युद्ध का आगाज पहले ही हो चुका है। युद्ध के मैदान में मौजूद तीनों प्रमुख पार्टियां न केवल प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी हैं बल्कि आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी का सिलसिला भी उसी रूप में चला रही हैं मानो चुनाव प्रचार अभियान अपने अंतिम दौर में पहुंच गया हो।

दिल्ली की यह चुनावी लड़ाई कई मायने में खास मानी जा रही है। केवल इसलिए नहीं कि इस बार भी वही तीनों दल प्रमुखता से मैदान में हैं, जो पिछले चुनावों में थे, अपितु इसलिए भी क्योंकि कांग्रेस और आप राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के धड़े हैं, लेकिन विधानसभा में दोनों आमने-सामने ताल ठोक रहे हैं। देखा जाए तो आम आदमी पार्टी के अस्तित्व में आने के बाद से यहां तिकोना मुकाबला ही हो रहा है। यह अलग बात है कि इस अपेक्षाकृत नई पार्टी ने एक बार वर्चस्व स्थापित होने के बाद यहां अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी। पिछले दो चुनावों में उसे दिल्ली की जनता ने शानदार बहुमत दिया है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि एक तरफ अपेक्षाकृत नई पार्टी और दो राज्यों में सत्तारूढ़ होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने आक्रामक शैली की राजनीति से अपनी



अलग पहचान बनाई है। इस आक्रामकता ने जहां आम आदमी पार्टी को नई धार दी है, वहीं अन्य दलों के साथ उसके संबंधों को भी सहज-सामान्य होने से रोका है। शायद यही वजह है कि बीजेपी तो आम आदमी पार्टी के खिलाफ पूरी ताकत से लगी ही हुई है, कांग्रेस भी उस पर हमले करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही।

इसमें खास बात सिर्फ यही है कि छह महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों ही विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक में शामिल थे और भाजपा पर संयुक्त हमला कर रहे थे। जाहिर है, इनके बीच की तीखी बयानबाजी इंडिया ब्लॉक के अंदर असहजता पैदा कर रही है और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दल इनसे संयम बरतने की अपील भी कर चुके हैं।

जिस तरह से यह चुनाव लड़ा जा रहा है, उससे साफ है कि नतीजा चाहे जो भी हो उसके निहितार्थ दूर तक जाएंगे। दिल्ली की सत्ता आम आदमी पार्टी के आंतरिक समीकरण के लिहाज से भी अहम है। ऐसे में वह हर हाल में अपनी कामयाबी दोहराना चाहेगी। इस बीच, यह भी देखना दिलचस्प होगा कि इंडिया ब्लॉक के आंतरिक समीकरणों में किस तरह के बदलाव आते हैं। वैसे भी हरियाणा चुनाव के दौरान ही इंडिया ब्लाक के आंतरिक समीकरण दरकने लगे थे। और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद तो ऐसा लगने लगा है कि अगले लोकसभा चुनाव के पहले ही इंडिया ब्लाक अपना अस्तित्व खो सकता है।

जहां तक दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की उपस्थिति की बात है, तो भाजपा जिस रणनीति पर चल रही है, उससे एक बात तय मानी जा रही है कि दिल्ली चुनाव में कोई भी उलटफेर हो सकता है। आम आदमी पार्टी के लिए दिल्ली पहला राज्य रहा है, जहां वह भारी उलटफेर करके सत्ता में काबिज हुई। केवल सत्ता में आई ही नहीं, लगातार सत्ता में आ रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना दबदबा फिर से कायम कर लिया है। लेकिन किसी समय लगातार तीन बार सत्ता में आई कांग्रेस के लिए सफलता पाना आसान नहीं दिखाई देता।

फिर भी, कांग्रेस को यहां शून्य तो नहीं माना जा रहा है। हालांकि पिछले कई चुनावों से राजनीतिक भविष्यवाणियां और अनुमान गलत होने का प्रतिशत बढ़ा है, फिर भी यहां मुकाबला तो त्रिकोणीय ही माना जा रहा है। यानि कांग्रेस के पक्ष में परिणाम कैसे भी आएं, उसे हलके में लेना भूल ही होगी। यदि भाजपा की बात करें तो वह लोकसभा जैसे परिणाम दोहराने के लिए मैदान में उतरी है और टिकट वितरण में उसने जातिगत से लेकर क्षेत्रीय समीकरणों को भी ध्यान में रखा है। वह हर प्रकार के चुनावी प्रबंधन में माहिर हो चुकी है और उसे यह मालूम है कि कब कौन सा हथकंडा अपनाना है? कब कौन सा अस्त्र फेकना है और ब्रह्मास्त्र कब फेकना है?

यदि आप की बात करें तो केजरीवाल ने जेल से लौटने के बाद कुर्सी सम्हाली भी और फिर छोड़ भी दी। आतिशी को जिस तरह से मुख्यमंत्री बनाया गया, उसमें भी कई समीकरण साधे गये हैं। टिकट वितरण के साथ ही टिकट काटने में भी केजरीवाल ने बहुत सावधानी बरती है। हालांकि आम आदमी पार्टी के कई नेता और मंत्री तक पार्टी छोड़कर जा चुके हैं, यह भी कुछ इलाकों में उसे भारी पड़ सकता है। फिर भी, ऊंट किस करवट बैठता है, कहा नहीं जा सकता। अनुमान लगाए जा रहे हैं, भविष्यवाणियां की जा रही हैं, लेकिन यह फिलहाल हवा में तीर चलाने जैसा ही है। मतदान की तारीख आते-आते बहुत कुछ बदल जाता है, यहां भी बदलेगा। चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो चला है। देखते हैं आगे-आगे होता है क्या...?

# असामान्य अमेरिकी नीति

**ब्रह्मदीप अलूने**

अमेरिकी विदेश नीति अमेरिकी प्रभुत्व पर आधारित रही है जिसमें इस तथ्य पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है की विदेशों में अग्रणी भूमिका बनाएं रखने में कौन सा देश उसका सबसे ज्यादा सहयोगी है तथा इस भागीदारी को और कैसे पुख्ता किया जा सकता है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश की विदेश नीति मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति पर आगे बढ़ने से संकोच नहीं करती,यह सामरिक,आर्थिक या राजनैतिक हो सकता है। इस समय भारत और अमेरिका के संबंधों को इतिहास का बेहतरीन दौर बताया जा रहा है लेकिन असल में कूटनीतिक वास्तविकताएं अविश्वास की खाई को पाट नहीं सकी है। इतिहास को पीछे छोड़कर दोनों देशों के शीर्ष राजनेता एक दूसरे के प्रति सार्वजनिक आलोचनाओं से परहेज भले ही करें,साझेदारी की अमेरिकी शर्तों के प्रति भारत का सतर्क रुख अमेरिकी नीति निर्माताओं को असहज कर रहा है।

दरअसल वॉशिंगटन पोस्ट में छपी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया की भारत ने 2023 के मालदीव चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की थी तथा मोदी सरकार भारत समर्थक इब्राहिम सोलिह को राष्ट्रपति बनाए रखना चाहती थी। इस रिपोर्ट का खंडन भारत और मालदीव दोनों देशों के द्वारा किया गया। सूचना युद्ध उन्नत युद्धक्षेत्र प्रबंधन रणनीतियों का एक हिस्सा है। शांति काल में इसका लक्ष्य अक्सर राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाना और विदेशी देश में जनता की राय को प्रभावित करना होता है। अमेरिका और रूस के बीच सूचना युद्द की तीव्रता भले ही अत्यधिक हो,भारत को लेकर भी अमेरिकी कूटनीति की भूमिका बेहद आक्रामक नजर आती है। अमेरिका का सूचना और खुफ़िया तंत्र खालिस्तानी आतंकवाद,कनाडा और मानवाधिकार को लेकर भारत विरोधी रुख अपनाता रहा है। पिछले साल सितम्बर में प्रधानमंत्री मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने अमेरिका पहुंचे थे,उसके कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस में अमेरिकी अधिकारियों ने खालिस्तान आंदोलन के समर्थक सिखों के एक समूह से मुलाकात की थी। इस दौरान व्हाइट हाउस ने उन्हें अपनी धरती पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय आक्रमण से सुरक्षा का आश्वासन भी दिया।



बांग्लादेश में शेख हसीना की जरूरत को भारत के द्वारा अमेरिकी प्रशासन के सामने रखने के बाद भी हसीना की सरकार का तख्तापलट और उसके बाद की राजनीतिक परिस्थितियां भारत के लिए बेहद प्रतिकूल दिखाई दे रही है। शेख हसीना की सरकार के पतन में अमेरिका की भूमिका को लेकर कई तथ्य सामने आयें है। अमेरिका ने भारत के हितों को नजरअंदाज कर बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति पैदा कर दी,भारत इस प्रकार की अमेरिकी कोशिशों का विरोध करता रहा है। श्रीलंका,बांग्लादेश,मालदीव और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में भारत का सांस्कृतिक प्रभाव रहा है और इसका असर राजनीतिक परिस्थितियों पर भी पड़ता है। इन देशों में भारत की मजबूती से चीन के हित प्रभावित होते है लेकिन इन देशों में अमेरिका भारत से जिस प्रकार की साझेदारी की इच्छा रखता है,भारत के लिए उस पर आगे बढ़ना सामरिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है। अमेरिका हिन्द प्रशांत की रणनीति के केंद्र में भारत को आगे रखने की कोशिशें करता रहा है,वहीं भारत ने चीन को वैसी आक्रामकता नहीं दिखाई है,जिसकी अमेरिका ने अपेक्षा की थी। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में यह उल्लेख किया गया है,चीन इंडो-पैसिफिक में अमेरिका को विस्थापित करना चाहता है और अपने राज्य-संचालित आर्थिक मॉडल की पहुंच का विस्तार करना चाहता है। चीन सैन्य,आर्थिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। इसकी तकनीकी महत्वाकांक्षाएं इसके सैन्य विकास से अटूट रूप से जुड़ी हुई हैं। भारत चीन की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं का विरोध तो करता है लेकिन इसे युद्द की कगार पर ले जाने वाली अमेरिकी योजनाओं का भाग बनने को वह बिल्कुल तैयार नहीं है।

एशिया में अमेरिकी प्रभाव को आगे बढ़ाने में दक्षिण कोरिया,जापान और ऑस्ट्रेलिया अमेरिका की महत्वपूर्ण भागीदार अवश्य हो,लेकिन इन देशों के चीन से मजबूत आर्थिक संबंध है। ये देश अमेरिका के चीन को लेकर आर्थिक अलगाव की नीति से इत्तेफाक रखते हुए आगे बढ़ते कभी नहीं दिखाई दिए। वहीं भारत की आर्थिक और सामरिक चुनौतियों में अमेरिका ने अवसर ढूंढने की अक्सर कोशिश की है। अपनी सफलता को सुनिश्चित करने के लिए वह भारत पर दबाव बढ़ाने की कूटनीति आजमाता रहता है,हालांकि भारत की सामरिक स्वायत्ता की नीति भी अमेरिका को परेशान करती रही है। भारत द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को विकसित करने और पारंपरिक सुरक्षा खतरों के खिलाफ़ कठोर शक्ति का निर्माण करने पर अधिक तत्काल ध्यान केंद्रित करना चाहता है। भौगोलिक और रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए रूस ज्यादा अहम हो जाता है। दुनिया का सबसे बड़ा और सफल लोकतंत्र भारत अपनी विविधता और संप्रभुता को ध्यान में रखकर कूटनीतिक कदम उठाता है। सैन्य गठ्बन्धनों से समान दूरी प्रारम्भ से ही भारत की गुट निरपेक्ष नीति रही है। भारत ये मानता है कि आर्थिक विकास की तेज़ गति हासिल करने के लिए उसे किसी गठबंधन व्यवस्था के खांचे से दूरी बनाकर रखनी होगी।

दक्षिण एशिया को लेकर कई बार अमेरिका की व्यापक नीति,भारत के मूलभूत हितों से अलग होती है। भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी पर रूस का प्रभाव है। तकनीकी हस्तांतरण को लेकर रूस ने भारत पर जो भरोसा दिखाया है,वह अमेरिका ने कभी नहीं दिखाया। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ने के बाद भी भारत इस बात को लेकर आशंकित रहता है की वह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को प्रतिबंधित भी कर सकता है। पिछले साल अमेरिका ने यूक्रेन में रूस के युद्ध प्रयासों में मदद करने के आरोप में 19 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। 2023 में भी एक भारतीय कंपनी पर रूसी सेना की मदद करने के आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका हिन्द प्रशांत में अपनी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने और अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल इसलिए है क्योंकि वह भारत का भरोसा नहीं जीत पाया है। जाहिर है बेहतर परिणामों के लिए अमेरिका को भारत और भारत के पड़ोसी देशों में अवांछित हस्तक्षेप की नीति से बचना होगा।

# पाँच फ़रवरी को दिल्ली की जनता चुनेगी अपनी नई सरकार

**राकेश शर्मा**

दो पूरी टर्म और एक 49 दिन की टर्म के बाद एक बार फिर आम आदमी पार्टी 5 फ़रवरी को चौथी टर्म के लिए चुनाव मैदान में उतरेगी।

49 दिन की सरकार में आप के 28 विधायक जीते थे, सरकार बनाने के लिए 36 का आंकड़ा चाहिए था। कांग्रेस ने सिर्फ़ भाजपा को रोकने के लिए जिनके 32 विधायक जीते थे उस 'आप' को अपने आठ विधायकों का समर्थन दे दिया जिसने उन्हें कुचल कर अपने 28 विधायक जितवाये थे। इस ग़ैर वैचारिक सहयोग का कांग्रेस को जबरदस्त नुक़सान हुआ और कांग्रेस पिछले दो दिल्ली विधान सभा चुनाव में शून्य पर निपट गई और आप 2015 में 67 और 2020 में दिल्ली में दिल्ली की जनता को गुमराह कर 62 सीट जीतने में सफल रही।

लेकिन इस बार का चुनाव आप के लिए उनके झूठ, फरेब, मक्कारी और भ्रष्टाचार पर जनता के फ़ैसले का होने वाला है। नतीजे बहुत ही रोचक होंगे।

एक बहरूपिया जो लंबी बुशर्ट, ढीली पैंट, पाओं में चप्पल, जेब में रोनाल्ड का पेन और सर्दियों में गले में मफ़लर लपेटे, चेहरे पर कुटिल मुस्कान लिए गली गली अपने को बेटा और भाई बना फिरता है उसकी सारी पोल पट्टी पिछले पाँच साल में दिल्ली की जनता ने क़रीब से देख ली है और इस बार शायद इसकी नौटंकी ना चल पाए।

करोड़ों के शीश महल को अपने रहने के लिए बनवा कर इसने अपनी आम आदमी की छवि को एकदम नेस्तनाबूद कर दिया। दिल्ली वालों से कहा कि तीन कमरों के मकान में आम आदमी की तरह रहूँगा और करोना काल खंड में जब दिल्ली की आम जनता एक एक सांस के लिए तरस रही थी यह अपना शीश महल जनता के पैसे से बनवा रहा था, जिसमें

करोड़ों के फ़र्श, लाखों के पर्दे, कमोड, बाथरूम, रसोई, बार, टीवी, इलेक्ट्रिक गैजेट्स लगवा कर आम आदमी को ही चिढ़ा रहा था। दिल्ली की जनता से मुफ्त पानी का झूठा वायदा कर टैंकर माफिया से पानी ख़रीदने को मजबूर कर दिया, एक एक बूँद पानी के लिए दिल्ली वासियों को युद्ध करना पड़ा, लड़ाइयाँ हुईं और कभी कभी तो हत्या भी हो गई। अधिकतर दिल्लीवासी जो हज़ारों रुपये महीने का बिजली बिल भरते हैं उनसे पूछो की मुफ्त बिजली किसे कहते हैं। शराब घोटाला किसे नहीं मालूम, कोर्ट में केस चल रहा है, जेल हो चुकी है, बेल पर बाहर हैं, कहते फिर रहे हैं कोर्ट ने बरी कर दिया।

यमुना साफ़ कर जल आचमन और नहाने की बात दस वर्ष से लगातार कर रहे हैं लेकिन यमुना साफ़ नहीं हुई बल्कि और गंदी हो गई। मोहल्ला क्लिनिक घोटाला किसे नहीं मालूम। एक ही नम्बर पर हज़ारों टेस्ट कराकर पैसा हज़म और खेल ख़त्म। पाँच सो नए स्कूल बनवाने का वायदा था । दूरबीन से देखकर भी नहीं दिखते।

अस्पतालों का हाल यह है कि टेस्टों और ऑपरेशन की एक एक साल की तारीख़ दी जा रही है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के बाहर और अंदर का हाल कोई भी देख सकता है।

महिलाओं की इज़्ज़त अपनी ही संसद सदस्य स्वाति मालीवाल को अपने घर में पिटवा कर दिखा दी। दवाई घोटाला, जाल बोर्ड घोटाला कोई एक विभाग तो हो जहाँ घोटाला ना हो। गुंडई इतनी की दिल्ली के मुख्य सचिव को घर में बुलवाकर पिटवा दिया। प्रदूषण इतना की दिल्ली वासी गैस चैम्बर में रहने को मजबूर है। अब ना पटाखे हैं और ना ही पराली तो अब क्यों प्रदूषण ख़तरनाक स्थिति में है, कारण है प्रदूषण का राजनीतिकरण और कोई ठोस उपाय नहीं- बस टोपियाँ पहनाना।

वायदा खिलाफी ऐसी की ढाई साल पहले पंजाब की महिलाओं को एक हज़ार महीना देने का वायदा किया था । एक भी महिला को एक रुपया नहीं दिया और अब दिल्ली की महिलाओं को चुनाव जीतने के बाद 2100 रुपये देने का वायदा कर रहा है। कहाँ से देगा, दिल्ली का बजट जो सरप्लस का होता था घाटे में पहुँच गया है। दिल्ली चलाने के लिए लोन माँगता फिर रहा है।

दिल्ली को भरमाने को सारा दिन पंजाब सरकार के झूठे सच्चे विज्ञापन हर चैनल पर चलवा कर करोड़ों प्रतिदिन फूँके जा रहे हैं। पंजाब की जनता ही इन विज्ञापनों की पोल खोल सकती है। यह सब परोक्ष रूप से दिल्ली चुनाव को प्रभावित करने को किया जा रहा है।

अपनी हार की भूमिका बनाने को रोज एक नया रोना लेकर टेम्परेरी मुख्यमंत्री और खुद केजरीवाल टीवी पर आ जाते हैं, सबूत कोई होता ही नहीं है। कल नया शिगूफा छोड़ दिया की आतिशी को गिरफ़्तार करेंगे, सिसोदिया के घर सीबीआई भेजेंगे। कौन सा तंत्र यह सब पहले से इनके कान में बताकर यह सब करता है। इस सब बचकानी बातों का कोई प्रूफ नहीं देते हैं।

उधर भाजपा कड़ी मेहनत तो कर रही है लेकिन केजरीवाल के झूठों का सशक्त जवाब नहीं दे रही और इसके रमेश विधुरी जैसे नेता सेल्फ गोल कर रहे हैं। यदि भाजपा को यह चुनाव जीतना है तो और अधिक मेहनत करनी होगी, केजरीवाल की हर चाल का जवाब देना होगा। कांग्रेस दो धड़ों में बटी दिख रही है, एक भाजपा को जीतता देखना चाहता है और दूसरा केजरीवाल को। खुद कांग्रेस कहीं नहीं है। टक्कर भाजपा और आम आदमी में है। जनता पाँच फ़रवरी को जवाब देगी।

# सड़कों पर क्यों ठोकरें खाता है सरकारी नौकरी का ख्वाब ?

**अजय बोकिल**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के परीक्षार्थियों का प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने का आंदोलन तीन हफ?ते भी बाद भी समाप्त नहीं हो रहा है तो इसको लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। पहला तो यह राज्यों में सरकारी नौकरी पाने का युवाओं का ख्वाब अमूमन इस तरह सड़को पर दर दर की ठोकरें खाने पर क्यों मजबूर है? दूसरे, देश के अधिकांश राज्य लोक सेवा आयोग अक्षमता के शिकार हैं, ऐसा क्यों? उनके द्वारा भर्ती किए जाने वाले कल के अफसरों और अन्य कर्मचारियों के चयन की शुचिता क्यों नहीं रह पाती है? ऐसा होने के लिए जिम्मेदार कौन है, सरकारी नौकरी का सपना देखने वाले या फिर इन रूआबदार नौकरियों के लिए परीक्षा आयोजित करने वाले? तीसरे, इन धांधलियों पर लगाम कब लगेगी और कौन लगाएगा?

बीपीएससी की 70 वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (सीपीई) के पेपर लीक होने की खबर के बाद से गुस्साए परीक्षार्थी सड़कों पर उतरे हुए हैं और पटना के गर्दनीबाग में धरना दे रहे हैं। गड़बडी की ?गंभीर शिकायतों के बीच बीपीएससी ने 4 जनवरी को री-एग्जाम ( पुनर्परीक्षा) भी आयोजित की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। क्योंकि परीक्षार्थियों को बीपीएससी पर ही भरोसा नहीं है। (हालांकि किसी संस्था पर से भरोसा उठ जाना भी समस्या के समाधान में मददगार नहीं होता)। व्यवस्था और तंत्र पर आपको कुछ तो यकीन रखना ही होगा। बीपीएससी ने इतना जरूर माना कि बापू परिसर परीक्षा केन्द्र पर पेपर लीक हुआ। लेकिन उसने समूची परीक्षा रद्द करने से इंकार कर ि?दया। शक यह भी है कि परीक्षार्थियों के सड़कों पर उतरने के पीछे कोचिंग क्लास माफिया का हाथ है। क्योंकि वो सभी प्रतियोगी परीक्षाएं अपनी सुविधा और स्वार्थ के हिसाब से करवाना चाहते हैं। न होने पर आंदोलन करवा देते हैं। उधर यह राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है। शुरू में कुछ विपक्षी दलों ने आंदोलनकारी परीक्षार्थियों के साथ खड़ा दिखने की कोशिश की, लेकिन बाद में जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर द्वारा आंदोलन को हाईजैक करता देख, दूसरे दलों ने इससे दूरी बना ली। सत्तारूढ़ एनडीए के घटक दल तो इस आंदोलन को शुरू से प्रायोजित और नीतीश सरकार को बदनाम करने वाला बता रहे हैं। हालांकि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर मामला नहीं सुलझा तो परीक्षार्थियों का यह आंदोलन मिनी अन्ना आंदोलन में भी तब्दील हो सकता है, जो सत्तारूढ़ एनडीए के लिए खतरे की घंटी है। क्योंकि बिहारी छात्रों में राजनीतिक चेतना वैसे भी दूसरों से ज्यादा है। लेकिन क्या सचमुच ऐसा होगा या फिर राज्य की नीतीश सरकार इसे जितना लटकाएगी, उतना ही आंदोलन स्वत- कमजोर होता जाएगा, इसका उत्तर मिलना अभी बाकी है। वैसे आंदोलनकारी परीक्षार्थियों का मानना है कि असल में खतरे की घंटी तो नीतीश सरकार के लिए है, क्योंकि राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस आंदोलन को लेकर बेफिक्र दिखते हैं। उन्हें नहीं लगता कि प्रदेश के हजारों प्रतियोगी परीक्षार्थियों की नाराजगी आगामी विधानसभा चुनाव में उनके लिए पानीपत साबित हो सकती है। उनकी निगाह में यह आंदोलन भी बुलबुला है, जो फूट जाएगा। क्योंकि इस आंदोलन की हवा को चुनाव तक खींचना टेढ़ी खीर है।



प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर देश में अलग-अलग राज्यों में होने वाले विभिन्न आंदोलनों में बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन अब तक का सबसे लंबा आंदोलन है। इसके पहले हमने उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में भी सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित राज्य लोक सेवा आयोगों की परीक्षाओं में गड़बड़ी और मनमाने फैसलों के खिलाफ परीक्षार्थियों को सड़कों पर उतरते देखा है। इससे एक बात साफ है कि आजकल अपवादस्वरूप ही कोई प्रतियोगी परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होती है। कहीं नीयत में खोट है तो कहीं व्यवस्था में जबर्दस्त खामियां हैं। परीक्षा आयोजन में प्रौद्योगिकी का बढ़ता इस्तेमाल उसकी शुचिता, पारदर्शिता और त्वरितता के लिए कम, हेराफेरी के लिए ज्यादा होता? दिख रहा है। अव्वल तो राज्यों में सरकारी भर्ती के विज्ञापन ही कम निकलते हैं। निकले भी तो उसमें दस गलतियां होती है या जानबूझकर की जाती हैं। मान लीजिए कि विज्ञापन के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तारीखें घोषित हो भी गईं तो तय तिथि को परीक्षा हो जाए तो खुद को किस्मत वाला समझिए। अगर परीक्षा भी समय पर हो गई तो परीक्षा के पेपर लीक होना, पर्चे बिकना, फिर रिजल्ट बरसों लटके रहना, रिजल्ट भी आ जाए तो नियुक्ति पत्र मिलने के लिए बरसों इंतजार करने की मजबूरी अब आम बात हो गई है। केवल यूपीएससी की परीक्षाएं काफी हद तक बेहतर ढंग से हो रही हैं। वरना अन्य प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों को हर बात में इंसाफ के लिए या तो सड़कों पर आना पड़ता है या फिर कोर्ट की शरण लेनी पड़ती है। ऐसा क्यों हो रहा है, इसका न तो कोई जवाबदेह है और न ही किसी को इसकी चिंता है। जबकि यह देश के युवाओ के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

बीपीएससी की कहानी भी इससे अलग नहीं है। वहां बरसों बाद बड़े पैमाने पर द्वितीय श्रेणी के सरकारी पदों पर भर्तियां निकली थीं। लेकिन उसमें भी अफरा तफरी हुई। बताया जाता है कि बीपीएससी में पेपर लीक का विवाद परीक्षा के बापू सेंटर से शुरू हुआ। वहां कुछ पेपर कम पड़ गए थे तो दूसरे केन्द्र से मंगवाने पड़े। जिससे कई परीक्षार्थियों को थोड़े समय के अंतर से पेपर मिले। यकीनन यह बीपीएससी की बड़ी लापरवाही थी। अगर आयोग पर्याप्त संख्या में परीक्षार्थियो को प्रश्नपत्र भी उपलब्ध नहीं करा सकता तो इसे क्या कहा जाए? इस बीच खबर फैली कि पेपर लीक हो चुका है। यह सुनते ही छात्र भड़क गए और उन्होंने पेपर का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर ि?दया। इस बीच एक आंदोलनकारी को पटना डीएम ने तमाचा जड़ दिया। उधर बीपीएससी का कहना है कि मामला चूंकि एक ही सेंटर का था इसलिए पूरी परीक्षा रद्द करने का सवाल ही नहीं है। लेकिन इस दलील पर परीक्षार्थियों को भरोसा नहीं हो रहा। उनका आंदोलन उग्र हो गया तो पुलिस ने लाठियां भी बरसाईं। अब जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर इस आंदोलन के पुरोधा बनकर अपनी सियासी जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच कुछ अन्य नेताओं जैसे तेजस्वी यादव आदि ने भी शुरू में आंदोलनकारियों से सहानुभूति जताई, लेकिन बाद में हाथ खींच लिया। अब परीक्षार्थियों का कहना है कि वे मुद्दे को लेकर हाई कोर्ट जाएंगे।

कुलमिलाकर बिहार पीएससी परीक्षार्थियों को कोई राहत जल्द? मिलेगी, ऐसा लगता नहीं है। हमने पिछले साल नंवबर में उत्तर प्रदेश पीएससी के परीक्षार्थियो का आंदोलन भी देखा,जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ था। वहां परीक्षार्थी यूपीपीएससी द्वारा नार्मलाइजेशन प्रक्रिया के बजाए पर्सेंटाइल पद्धति से परीक्षा कराने, पूरी परीक्षा एक ही पाली में कराने की मांग को लेकर आंदोलन पर उतरे थे। बता दें कि नॉर्मलाइजेशन से तात्पर्य किसी भी परीक्षा में परीक्षार्थियों की तादाद बहुत ज्यादा होने पर आयोजक दो पालियों में परीक्षा कराते हैं। ऐसे में अगर पहली पाली का पेपर कठिन आता है और उसमें अभ्यर्थियों के कम नंबर आते हैं तो दूसरी पाली का पेपर थोड़ा आसान होता है और उसमें अभ्यर्थियों के ज्यादा नंबर आते हैं तो कठिन पेपर वाली पाली के अभ्यर्थियों के नंबर में थोड़ी बढ़ोतरी कर दी जाती है। यही नॉर्मलाइजेशन कहलाता है। विरोध कर रहे अभ्यर्थियो का कहना था कि यह खेल के बीच नियम बदलने जैसा है और इसमें धांधली की पूरी गुंजाइश है। लिहाजा समूची परीक्षा एक ही पाली में कराई जाए। सवाल यह है कि जब यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा एक पाली में कराती है तो राज्य सेवा आयोग ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

इसी तरह बीते दिसंबर में मप्र के इंदौर में 'नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन' के बैनर तले एमपीपीएससी के अभ्यर्थियों ने न्याय यात्रा निकाली थी। उनकी मांग थी कि एमपीपीएससी की 2019 की मुख?य परीक्षा की कॉपियां दिखाई जाएं और इसकी मार्कशीट जारी की जाए। साथ ही सभी विज्ञापित पदो पर एक साथ भर्ती की जाए। आंदोलनकारियो ने इंदौर में मप्र लोक सेवा आयोग के मुख?यालय पर धरना भी दिया। बाद में सरकार के दखल के बाद अभ्यर्थियों ने आंदोलन समाप्त किया। इसी तरह महाराष्ट्र में ठाकरे राज में महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित परीक्षाएं कोरोना के कारण रद्द करने पर नाराज अभ्यर्थियों ने राज्यव्यापी आंदोलन किया था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# अतिक्रमण को लेकर प्रशाशन सुस्त, सड़कों पर सामान रखने से लगता है रोज जाम



**औबेदुल्लागंज** - नगर की सड़कों पर आम दिनों में भी लगता है जाम दुर्घटना का हमेशा बना रहता है डर, दुकानदार दुकानों के सामने तंबू लगाकर समान को बाहर सड़कों तक रखते है। दुकान 10 बाई 10 होती है और दुकानों के सामने कुर्सी, बेंच, पीबिंग ब्लाक लगाकर 100 फिट से अधिक सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे दुकान के सामने जगह नहीं होने के कारण ग्राहकों को अपनी गाड़ी सड़कों पर खड़ी करनी पड़ती है ओर बची हुई रही सही कसर बड़ी गाड़ियों कार, ट्रक खड़े हो जाते है और सड़कों पर जाम लगने से राहगीरों को चलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं उन्हें भी निकलने में मुश्किल होती है कई बार अतिक्रमण की वजह से एक्सीडेंट भी हो चुके हैं ओर सड़कों पर आवारा पशुओं के बैठने से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग पर बैंकों के सामने भी लगता है जाम, मुख्य चौराहे से सीताराम चौराहे, गौहरगंज रोड़ पर आय दिन लगता है जाम ! प्रशाशन और पुलिस का इस ओर ध्यान नहीं है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान ग्राम पंचायत गोंगावरी में आयोजित शिविर में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



नरसिंहपुर, मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान जिले की ग्राम पंचायत गोंगावरी में लगाये गये शिविर में लोकसभा सांसद चौ. दर्शन सिंह ने अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, अभिलाष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद रहे। सांसद चौ. सिंह ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी, उनसे आवेदन लिये और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुगमता से पहुंचे इसके लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत गांव- गांव और शहरों वार्डों में शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से जनसमस्याओं का समाधान भी किया जाये।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत शिविर संपन्न

**छतरपुर।** नगरपालिका छतरपुर निकाय अंतर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान द्वितीय चरण के तहत 22 जनवरी 2025 तक हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत हितग्राहियों को सैचुरेशन किया जाना है। वार्ड स्तर पर घर-घर सर्वे कर सभी पात्र हितग्राहियों लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही शिविर में पात्र हितग्राहियों को केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदाय किया गया। जिसमें 70 वर्ष अधिक उम्र के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, और हितग्राहियों को संबल कार्ड वितरित किए गए।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर द्वितीय चरण का शिविर आज

छतरपुर। मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर द्वितीय चरण 8 जनवरी बुधवार को संकट मोचन तालाब शनिदेव मंदिर के पास छतरपुर में आयोजित होगा। शिविर में वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, 14 एवं 15 के हितग्राही शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को हितलाभ एवं विभागीय योजनाओं, सेवाओं के लाभ से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान पार्षद धीरज गुप्ता, गोविन्द्र तिवारी, रामदयाल यादव, पार्षद प्रतिनिधि सुनील वर्मा, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता, एफएलसी हरिशचन्द्र नापित, अधिकारी-कर्मचारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## फिर लौटी ठंड घने कोहरे की चादर में ढाका शहर

**सिरोंज।** 2 दिनों से सुबह की शुरुआत कोहरे से हो रही है मंगलवार को भी को भी कोहरे का असर देखने को मिला आसपास का भी नजर नहीं आ रहा था बड़े वाहन चालक को भी वाहन चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जबकि लाइटे जलकर वाहन चला रहे थे। फिर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था 2 दिनों से सुबह शुरुआत घने कोहरे से हो रही इसका असर सुबह 10 बजे तक इसका असर रहा है। इसके बाद सूर्य देवता के दर्शन हुए वहीं कुछ देर के बाद बादलों ने सूर्य देवता को अपने आगोश में ले लिया दिनभर बादलों की लुकाछिपी चलती रही। ठंडक बढ़ जाने से वाहन चलाने में मुश्किल हो रही है। दो दिनों से कप-कप देने वाली सर्दी पड़ रही है घरों से निकलने में भी हालत खराब हो रही है। मौसम में हो रहे बदलाव के बाद सर्दी जुकाम से भी लोग पीड़ित हो रहे हैं। दूसरी ओर ठंड लौटने से किसानों के चेहरे पर भी रौनक देखने को मिल रही है। सर्दी अच्छी पढ़ने से फसलों के उत्पादन भी वृद्धि होगी पानी की कमी के बाद भी अच्छी फसल आ सकती है। ठंड से बचने की लोग दिन भर आग जलाकर हाथ सकते हुए नजर आए।

## प्रशिक्षण में पॉक्सो एक्ट विषय पर दी जानकारी

सिरोंज। विदिशा शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय विदिशा में आज जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, पॉक्सो एक्ट 2012 एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013 पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जज श्री मसूद अहमद खान, किशोर न्याय बोर्ड से प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती कला भम्मरकर, लॉ इंटर्न श्री विश्व राजपूत, महिला एवं बाल विकास से विधि सह परिविक्षा अधिकारी श्री श्याम शर्मा, श्री संतोष रघुवंशी, अरविन्द मिश्रा उपस्थित रहे।

## लकी ड्रॉ में मोटर साइकिल मिलते ही ऑटो चालक ने दुर्गा मोटर्स का किया आभार व्यक्त



**मण्डला**--दुर्गा मोटर्स में लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया।यहां पर ऑटो खरीदने में ग्राहकों को कूपन दिए गए थे।जून 2024 से अभी तक के ग्राहकों जिन्होंने ऑटो खरीदी है उन्हें लकी ड्रॉ के लिए नामित किया गया था जिसका लकी ड्रॉ किया गया जिसमें प्रथम ईनाम मोटर साइकिल,द्वितीय ईनाम एलईडी टीवी, तृतीय ईनाम स्मार्ट फोन रखा गया था इसके साथ ही बाकी के सभी ग्राहकों को सांत्वना पुरस्कार घोषित थे।दुर्गा मोटर्स जो कि पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के मंडला-डिंडोरी के अधिकृत विक्रेता है जिनका नया शोरूम जबलपुर रोड कटरा में शुरू किया गया है।शोरूम के उद्घाटन एवं लकी ड्रॉ में मंडला की सुप्रसिद्ध महिला विशेषज्ञ डॉ वर्षा आर्या, केनरा बैंक मैनेजर नमन कुमार,यूनियन बैंक मैनेजर अमर पंकज,श्रीराम फायनेंस कम्पनी मैनेजर राजमणी,पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल,समाजसेवी कन्हैया मूलचंदानी,शोरूम संचालिका श्रीमति अश्वनी सोनी-राकेश सोनी द्वारा फीता काटकर किया गया,तत्परांत अतिथियों का स्वागत संचालक पंकज सोनी द्वारा किया गया।यहां बॉक्स में कूपन एकत्र किए गए और पारदर्शिता के साथ अतिथियों ने सभी के समक्ष कूपन निकाले जिसमें प्रथम ईनाम बड़ी खैरी निवासी शिवकुमार यादव को मिला जिन्हें मोटर साईकिल दी गई।वहीं द्वितीय ईनाम सोहन को मिला जिनको एलईडी टीव्ही दी गई।वहीं तृतीय ईनाम प्रशांत सैयाम को मिला जिनकों स्मार्ट फोन दिया गया।मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किए।इस अवसर पर मोटर साईकिल पाकर शिवकुमार यादव ने कहा कि उसने कभी सोचा भी नही था कि उसने जो ऑटो खरीदा है उस पर उसे ड्रॉ के द्वारा बाइक भी मिलेगी उन्होंने दुर्गा मोटर्स का आभार व्यक्त करते हुए संचालकों की प्रशंसा की है।वहीं 170 ग्राहकों को सांत्वना पुरूस्कार में थमर्स दिया गया।

### हरदहा पंचायत भवन के विस्तार के लिए मंत्री ने किया 10 लाख निधि की घोषणा

## पीएचई मंत्री ने कहा भवन में करें नेत्र शिविर का आयोजन

मण्डला--स्थानीय हरदहा पंचायत भवन,बम्हनी बंजर में हरदहा(काछी) महासभा जिला मंडला के तत्वाधान में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं,बुजुर्गगणों, सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से समाज को आलोकित करने वाले शख्सियतों को सम्मानित करने के लिए विशाल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री (लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) श्रीमती संपतिया उइके रही,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना हरदहा उपस्थित थीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता हरदहा समाज महासभा के अध्यक्ष कृष्णकुमार हरदहा ने किया।मंच पर समाज के गणमान्य नागरिकों में संगठन के संरक्षक सेवानिवृत्त एसबीआई मैनेजर गणेश हरदहा,सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त गोपाल हरदहा आसीन थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.कमलेश हरदहा ने किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद मंचासीन सदस्यों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महसभा के सम्मानीय सदस्यों महेंद्र हरदहा,जगदीश हरदहा,राजेश हरदहा,नरोत्तम हरदहा कोषाध्यक्ष,बसंत हरदहा,दिलीप हरदहा,गोपाल हरदहा, सुनील हरदहा,सुरेंद्र हरदहा,गोपालकृष्ण हरदहा, छोटेलाल हरदहा,श्रीमती शारदा हरदहा,श्रीमती ललिता हरदहा का स्वागत किया गया।

प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रीमती उइके ने समाज की मांग पर पंचायत भवन के ऊपर एक बड़ा हाल बनाने के लिए 10 लाख रुपए की निधि शासन की ओर से देने की घोषणा की।उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम,नेत्र कैंप जरूर लगाएं क्योंकि दृष्टि से ही सृष्टि और सृष्टि से ही दृष्टि का निर्माण होता है।वक्तव्यों की श्रृंखला में



कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि ने सभी पुरस्कृतजनों को बधाई देने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।सभा के संरक्षक ने कहा कि महिलाओं के बिना संगठन नहीं चल सकता।उन्होंने संगठन से महिलाओं को सक्रिय रूप से जुड़ने की बात रखी।इस दौरान महासभा के अध्यक्ष ने स्वाजातीय बंधुओं से आह्वान किया कि बेटा-बेटी में फर्क न करें।बेटियों को भी ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करें।उनकी शिक्षा के लिए धन की कमी न करें।अगर बेटियां शिक्षित होंगी तो उस परिवार के साथ समूचे समाज की भी अज्ञानता,अंधविश्वास, कुरीतियां खुद-ब-खुद समाप्त हो जाएंगी।बेटियों को आजादी से जीने का हक दें।इसके साथ ही महासभा के अध्यक्ष ने समाज की त्रिमासिक डिजिटल पत्रिका प्रकाशन की भी घोषणा की। कार्यक्रम के चलते इसी बीच श्रीमती शारदा हरदहा ने एक भजन पेश कर आयोजन को एक आध्यात्मिक आयाम दिया।इस आयोजन में सर्वप्रथम कक्षा दसवीं और बारहवीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सत्कार किया गया।इसमें प्रथम, द्वितीय,तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं सम्मानित कर

### उनका सत्कार किया गया।

इसके पश्चात 75 वर्ष या उससे अधिक उम्र के समाज के बुजुर्गगणों को सम्मानित किया गया।इसी कड़ी में समाज के प्रगतिशील कृषक के रूप में अहम भूमिका अदा करने वाले विजय हरदहा,मोहन हरदहा,अशीष हरदहा,वीरेंद्र हरदहा नरेंद्र हरदहा,रेवाराम हरदहा, राजेश हरदहा,महेश हरदहा,इंद्रेश कुमार हरदहा, अशोक हरदहा,यमोद हरदहा,खेलकूद के क्षेत्र में समाज के प्रतिभावानों को सम्मानित कर उनका सत्कार किया गया। वहीं समाज द्वारा विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त समाज के कर्मचारी-अधिकारीयो का

समाज द्वारा सम्मानित कर उनका सत्कार किया गया। अंत में कार्यक्रम की सफलता के लिए भावभीना आभार प्रदर्शन संरक्षक गोपाल हरदहा ने किया।

## हाकी के रोमांचकारी मैच में अमरावती ने सैफ उप्र हराया

### बैंगलुरु कर्नाटक, अमरावती महाराष्ट्र और कुरुक्षेत्र हरियाणा ने जीते तीसरे दिन के मैच

इटारसी। नगर पालिका परिषद इटारसी के तत्वावधान में गांधी मैदान पर खेली जा रही अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता में कल तीन मैच खेले गये। तीसरा मैच बेहद रोमाचंक रहा। एक वक्त तक मजबूती से 1-0 से आगे चल रही सैफई उत्तर प्रदेश की टीम को मैच के अंतिम पलों में अमरावती से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिली और अमरावती ने एक गोल करके मैच बराबरी पर ला खड़ा किया। 8 सैकंड के नियम से मैच का फैसला कराया। इसमें पांच-पांच मौके मिले तो दोनों टीमें फिर बराबरी पर आ गयीं। फिर सडन डेथ में आखिरकार अमरावती ने एक गोल करके मैच अपने हक में कर लिया। पूरे वक्त दोनों टीमों ने बेहद शानदार हॉकी खेलकर दर्शकों को रोमांचित किया। आखिरकार जीत अमरावती के हाथ लगी।



प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मैच केनरा बैंक बैंगलुरु और इटारसी बी के मध्य खेला गया। इटारसी की बी टीम ने अपने से कहीं मजबूत टीम बैंगलुरु को कड़ी टक्कर दी। पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में बैंगलुरु के एक चेलसी ने पहला गोल किया। इटारसी के मोहम्मद गाजी के पास पर गिरीश ने गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबर रहीं। दूसरे हाफ में बैंगलुरु के पृथ्वीराज ने दूसरा गोल किया और अंतिम समय तक इस स्कोर का बनाये रखा। मैच में मीडिया से अनिल मिहानी, कृष्णा राजपूत, कन्हैया गोस्वामी, सुधांशु मिश्र, अरविंद शर्मा, शैलेन्द्र पाली, गिरीश पटेल, राजकुमार बावरिया, राजेन्द्र गोस्वामी, राकेश पटेल, रामबाबू अहिरवार, कुशल नवथले, खेमराज परिहार ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं।

### चरम पर चढ़ रहा एसपीएल का जादू

# मार्च-अप्रैल में होंगे नाइट टूर्नामेंट: दिनेश राय

सिवनी- सिवनी प्रीमियर लीग के अंतर्गत 7 जनवरी को वेटरन वर्ग के 4 और ओपन वर्ग के 4 मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के द्वारा फाइनल मैच में प्रदान की जाने वाली ट्रॉफी का विमोचन किया गया और मार्च-अप्रैल माह में डे नाइट टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट करने की घोषणा की गई। सिवनी प्रीमियर लीग के नौवमें सीजन के लीग मैचों की श्रृंखला में 7 जनवरी को पहला मैच एमजी क्लब और सर्वोदय बॉयज़ के मध्य खेला गया जिसमें सर्वोदय बॉयस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 70 रन बोर्ड पर लगाए, वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी एम सी जी क्लब सर्वोदय बॉयज की घातक गेंदबाजी के आगे लक्ष्य तक नहीं पहुँच पायी और सर्वोदय बॉयस ने यह मैच जीत लिया ,इस मैच के मैन ऑफ द मैच रवि कटरे रहे। दूसरा मैच एम सी जी क्लब और यंग हीरो छपारा के मध्य खेला जाना था लेकिन यंग हीरो छपारा समय पर ना पहुंच पाने के कारण एम सीजी क्लब को वॉक ओवर दे दिया गया।

तीसरा मैच सर्वोदय बॉयज और यंग हीरो छपारा के मध्य खेला गया जिसमें यंग हीरो छपारा ने 8 ओवरों पर 76 रन बनाएं वही जवाब में सर्वोदय बॉयज की बल्लेबाज अरशद खान ने 3 चौके और 5 छक्को की मदद से खुद कि 45 रन की निजी स्कोर बनाते हुए टीम को 77 रन पर विजय श्री दिला दी और इस मैच के मैन ऑफ द मैच बने। चौथा मैच महावीर बॉयज और शाइनिंग स्टार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें महावीर बॉयस ने 8 ओवरों पर 84 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाएं शाइनिंग स्टार के बल्लेबाज ओम सराठे ने 41 रन की पारी खेल कर अपने टीम को 7.2 ओवर मे ही जीत दिला दी, और इस मैच के मैं ऑफ द मैच बने।



ओपन वर्ग मुकाबले में रही दर्शकों की भारी भीड़- एसपीएल अंतर्गत मिशन स्कूल मैदान में ओपन वर्ग के 4 मैच हुए जिसमें पहला मुकाबला रहमान खैरी 11और सिवनी वॉरियर्स के मध्य खेला गया जिसमें रहमान खैरी ने पहले बल्लेबाजी करते हु? 69 रन ४ विकेट के नुकसान पर बनाए वहीं सिवनी वॉरियोर्स ने मात्र 5.2 ओवर में ही इस मैच को जीत लिया, इस मैच के मैं आफ द मैच शुभम रहे, जिन्होने 21 रन बनकर 3 विकेट लिए। दूसरा मुकाबला रहमान खैरी 11 विरूद्ध महावीर बॉयज के मध्य हुआ जिसमें रहमान खैरी ने पहले बल्लेबाजी करते हु? 136 रन 4 विकेट पर बनाया वही जवाब में महावीर बॉयज 134 रन ही बना पाई और यह मैच रहमान खेरी ने जीत लिया रहमान खैरी के आशु ने शनदार 60 रन बनाए जिसके लिए उन्हें मेन ऑफ द मैच दिया गया। तीसरा मुकाबला सिवनी वॉरियर्स और ड्रीम 11 के मध्य खेला गया जो की बहुत ही रोमानचक मुकाबला था जिसमें सिवनी वॉरियर्स के बल्लेबाजों ने बेहतरीन बैटिंग का प्रदर्शन करते हु? 117 रन 5 विकेट के नुकसान पर बनाए, वहीं ड्रीम11 की तरफ से तूफानी बल्लेबाजी करने उतरे ईश्वर मरकम ने 4 चौके और 10 गगनचुंबी छक्के लगाकर खुद के 79 के निजी स्कोर के साथ टीम को 121 रन पर पहुंचाकरङ्गजीत दर्ज की और ऑफ द मैच बने। चौथा मुकाबला फ्रेंड्स क्लब और आरसीसी मोहगांव के मध्य खेला गया जिसमे फ्रेंड्स क्लब के बल्लेबाज बिट्ठु ने शानदार अर्धशतक जड़ा और 177 रन का लक्ष्य बनाया टीम के के लिए बनाया वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी मोहगांव 8 ओवरों पर मात्र 99 रन ही बना पायी इस मैच के में ऑफ द मैच बिट्टू रहे। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आज भी 8 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 4 मुकाबले वेटरन वर्ग के और 4 मुकाबले ओपन वर्ग के खेले जायेंगे

## फर्जी रजिस्ट्री का मामला: नपा से रिटायर्ड 2 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### एक इटारसी से तो दूसरा भोपाल में धराया

इटारसी-शहर की प्रियदर्शनी कॉलोनी में 2018 -19 में एक फर्जी रजिस्ट्री के मामले में पुलिस ने नगरपालिका के आरआई एवं एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में विवादित दस्तावेज की जांच रिपोर्ट आने के बाद तत्कालीन आरआई संजय दीक्षित एवं हरिओम उपाध्याय नपा से रिटायर्ड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों कर्मचारियों के खिलाफ सिटी पुलिस ने , फरियादी शंकर रसाल की शिकायत पर धारा 420,467,468,120क्471 एवं 34 का मामला दर्ज किया था लंबे समय से इन दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी क्योंकि कुछ विवादित दस्तावेजों की जांच होना थी।

दस्तावेजों की जांच में कमी के बाद इटारसी पुलिस ने संजय दीक्षित को भोपाल से एवं हरिओम उपाध्याय को इटारसी निवास से गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई पूरी कर आज दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। ज्ञात हो कि उक्त मामला फर्जी रजिस्ट्री का है और इन दोनों ने फर्जी रजिस्ट्री फरियादी शंकर रसाल से 9 लाख रुपये लेकर प्लॉट क्रमांक एलआईजी 80/ए बताकर रजिस्ट्री कर दी थी। जबकि उक्त प्लॉट वहा था ही नही।

### अवैध कालोनी निर्माण करने वाले 16 अनावेदकों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज तथा भूमि अहस्तांतरणीय के आदेश जारी

**सिवनी-** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी द्वारा मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिकनियम 1993 की धारा 61 घ (1) (2) (3) (4) (5) के तहत अवैध कालोनी निर्माण करने वाले 16 कालोनाईजरों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करने एवं भूमि खसरा के अहस्तांतरणीय किये जाने के आदेश संबंधित तहसीलदारों को दिये गये है। जारी आदेशानुसार अनावेदक सैय्यद मंजरूल हसन की ग्राम पलारी खसरा क्रमांक 1/7 को अहस्तातरणीय करने के आदेश जारी किये गये हैं।

### स्थायीकर्मी कल्याण संघ की बैठक हुई सम्पन्न

**छतरपुर,** दिन रविवार को जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने लवकुशनगर स्थित मन्दिर प्रागंण में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सभी स्थायीकर्मी उपस्थित हुये और इस बैठक में सातवें वेतनमान सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई स्थायीकर्मी कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री सुरेश रैकवार ने बताया कि हम सभी स्थायी कर्मचारियों को आज तक कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण से हम सभी स्थायी कर्मचारियों में रोष व्याप्त है कार्यक्रम आयोजन के दौरानं जमना कुशवाहा, राकेश रैकवार, मत्तू रैकवार, कैलाश रैकवार, रामस्वरूप तिवारी, कल्लू कुशवाहा, सुखदेव चतुर्वेदी,सुन्दर रैकवार, राजू रैकवार, अजुदया, गौरीशंकर रैकवार, कौशल कुशवाहा आदि मौजूद रहें।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पिता श्री मान सिंह चंदेल पुत्र श्री मूलचंद मुख्तारेआम महेन्द्र सिंह पुत्र श्री मान सिंह निवासी ग्राम नेवरी, तह हुजूर जिला भोपाल ने खसरा क्रं. 83/1, स्थित ग्राम नेवरी प.ह.नं. 5, तह हुजूर जिला भोपाल गैस राहत क्वार्टर के सामने मोहनी नगर भोपाल स्थित भूमि में प्लाट विक्रय किये थे उक्त भूमि पर जिस किसी भी व्यक्ति ने प्लाट/भूखंड क्रय किये है वह अपनी रजिस्ट्री / नोटरी लिखा, पढ़ी दिखाकर अपने अपने भूखंड का कब्जा / आधिपत्य सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आकर प्राप्त कर लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति / भूमि जो खसरा क्रं. 83/1, स्थित ग्राम नेवरी प.ह.नं. 5, तह. हुजूर जिला भोपाल गैस राहत क्वार्टर के सामने मोहनी नगर भोपाल में रिक्त भूखंड/प्लाट को किसी अन्य को विक्रय कर दिया जावेगा जिसका कि मेरे पक्षकार को अधिकार प्राप्त है एवं उक्त सूचना प्रकाशन के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावेदारी भूमि के संबंध में मान्य नहीं होगी एवं सूचना प्रकाशन की अवधि के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में की गई समस्त लिखा, पढ़ी, विक्रय संबंधी लिखा पढ़ी स्वतः ही समाप्त हो जावेगी और मेरा. पक्षकार उक्त भूमि की रिक्त/खाली जगह को अन्य किसी को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा । ऐसी दशा में मेरे पक्षकार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी व जवाबदारी नहीं होगी और ना ही किसी प्रकार का कोई दावा एवं आपत्ति आदि वैध माना जावेगी। कृपया उक्त भूमि / मोहिनी नगर भोपाल पहुंचकर जावेद भाई, इमरान भाई, से भी संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है।

**प्रमोद हरव्यासी एडवोकेट**
168, ग्रीन पार्क कॉलोनी, डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड, भोपाल मो. 9074148302

### भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

क्रमांक/6565/राजस्व/भो.वि.प्रा./24 भोपाल दिनांक 09.12.2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना बी-सेक्टर स्थित अजन्ता काम्पलेक्स के प्रकोष्ठ क्र. 5/4 आवंटी श्रीमती कृष्णा सोनी पत्नी श्री हरीराम सोनी एवं श्रीमती साधना सोनी पुत्री श्री हरीराम सोनी पत्नी श्री श्याम सोनी के संयुक्त नामों पर अंकित है। संयुक्त आवंटियों में से श्रीमती कृष्णा सोनी का स्वर्गवास दिनांक 25.09.2013 को एवं उनके पति श्री हरीराम सोनी का स्वर्गवास दिनांक 13.12.2021 को हो जाने एवं पुत्र श्री जीवन सोनी का स्वर्गवास दिनांक 19.07.2017 को हो जाने के कारण संयुक्त आंवटी श्रीमती साधाना सोनी द्वारा आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, शपथ पत्र, राशन कार्ड एवं समग्र आई.डी. संलग्न कर प्रकोष्ठ में से श्रीमती कृष्णा सोनी का नाम विलोपित कर प्रकोष्ठ का मृत्यु उपरांत नामांतरण अपने नाम पर करने का निवेदन किया है।

यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

## वक्रांगी लिमिटेड ने फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**मुंबई, एजेंसी।** वक्रांगी लिमिटेड (बीएसई 511431, एनएसई) को फ्यूचर जनराली इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (फ्यूचर जनराली) के साथ एक रणनीतिक कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा करते हुए गर्व है। इस साझेदारी का उद्देश्य पूरे देश में वक्रांगी केंद्र नेटवर्क के माध्यम से व्यापक सामान्य बीमा उत्पादों की आसान पहुंच प्रदान करना है। यह सहयोग वक्रांगी केंद्रों को, जो कम सेवा प्राप्त और सेवा-वंचित क्षेत्रों में स्थित हैं, स्वास्थ्य, मोटर, यात्रा, घरेलू, और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा जैसे विभिन्न सामान्य बीमा उत्पादों की पेशकश करने में सक्षम बनाएगा। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, वक्रांगी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री वेदांत नंदवाना ने कहा, हम फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी करके खुश हैं, ताकि हमारे आवश्यक सेवाओं के पोर्टफोलियो का विस्तार किया जा सके।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लि. को माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर के लिए सीसीए की मंजूरी मिली

**मुंबई, एजेंसी।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएसई 532850, एनएसई), एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और विनिर्माण में एक वैश्विक लीडर, ने घोषणा की है कि सक्षम प्राधिकारी ने एलएचबी कोच और डबल डेकर कोच के लिए छत पर लगे एसी पैकेज यूनिट के लिए माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर के लिए कंपनी की क्षमता सह क्षमता मूल्यांकन (सीसीए) को मंजूरी दे दी है। इससे पहले, एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने दुबई स्थित अपनी सहायक कंपनी एसओए इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग एलएलसी में 51 करोड़ के निवेश को पूरा करने की घोषणा की है। यह सहायक कंपनी इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स ट्रेडिंग में कार्यरत है।हाल ही में कंपनी को जीपीएस आधारित पब्लिक एड्रेस एंड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम और एसी एवं नॉन-एसी रेलवे कोचों में एलईडी डेस्टिनेशन बोर्ड्स के लिए क्षमता एवं योग्यता मूल्यांकन (कैपेसिटी कम कैपबिलिटी असेसमेंट) की स्वीकृति प्राप्त हुई।

## सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लि. के निदेशक मंडल द्वारा 10 जनवरी को फंड जुटाने पर विचार किया जाएगा

**मुंबई, एजेंसी।** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो रसायन और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में एक प्रमुख नाम है, ने घोषणा की है कि उसका निदेशक मंडल 10 जनवरी 2025 को बैठक करेगा। इस बैठक में कंपनी के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए फंड जुटाने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। फंड जुटाने के लिए सिक्योरिटीज, कन्वर्टिबल इंस्ट्रूमेंट्स या अन्य अनुमत तरीकों के जरिए प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसे बोर्ड द्वारा तय किया जाएगा। यह प्रक्रिया नियामक/वैधानिक अनुमतियों और कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर करेगी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने ईश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के 2,09,100 इक्विटी शेयर (कंपनी के चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 51 प्रतिशत) खरीदने और शेयर खरीद समझौते में प्रवेश करने की मंजूरी दी है। इस अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने पर, ईश्वरी हेल्थकेयर सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी बन जाएगी।

ईश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड ईश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड एक प्रगतिशील और नवाचारशील कंपनी है जो विश्व बाजार को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं, उपयोगकर्ता-अनुकूल और अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल डिवाइस और डिस्पोजेबल प्रदान करती है। कंपनी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर उपलब्ध कराती है। उन्नत तकनीक, रचनात्मकता और नवाचार की भावना के साथ, ईश्वरी हेल्थकेयर वैश्विक ग्राहकों की आवश्यकताओं को और अधिक प्रभावी और कुशल तरीके से पूरा करती है।

## एसआईपी से बनाएं बड़ा फंड- छोटी शुरुआत, बड़े सपने

मुंबई, एजेंसी। हर बड़ी यात्रा एक छोटे कदम से शुरू होती है, और यही बात धन सृजन पर भी लागू होती है। जैसे चलने से पहले हमें खड़ा होना और पहला कदम उठाना पड़ता है, वैसे ही आर्थिक लक्ष्यों को पाने के लिए भी छोटे निवेश से शुरुआत करना, नियमितता बनाए रखना और अनुशासन में रहना जरूरी है। पहले जहां पारंपरिक निवेश विकल्प ही सबसे भरोसेमंद माने जाते थे, वहीं आज सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए म्यूचुअल फंड एक मजबूत और आसान विकल्प बन गए हैं।

छोटी शुरुआत बड़ा बदलाव

आज के दौर में, जब वित्तीय स्थिरता और संपत्ति का निर्माण बहुत महत्वपूर्ण हो गया है, सीमित संसाधनों से शुरुआत करना चुनौतीपूर्ण लग सकता है। लेकिन एसआईपी इस चुनौती का बेहतरीन समाधान है। यह न केवल आसान और सुलभ है, बल्कि लंबे समय में आपकी पूंजी को प्रभावी ढंग से बढ़ा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि आप हर महीने 5,000 रुपये का निवेश इक्विटी म्यूचुअल फंड में करते हैं, तो 12.62 प्रतिशत की औसत वार्षिक रिटर्न के साथ 12 साल में यह निवेश 15.88 लाख रुपये से अधिक हो सकता है। और अगर आप इसी निवेश को 30 साल तक जारी रखते हैं, तो आपकी राशि 1.73 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। एसआईपी का यह जादू चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत और नियमितता का परिणाम है। यही वजह है कि छोटी शुरुआत भी समय के साथ बड़े वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करती है।

## महंगे मकानों की बिक्री 12 साल के शीर्ष पर स्थिर ब्याज दरों के कारण 2024 में 3.51 लाख यूनिट्स की सेल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्थिर ब्याज दरों व मजबूत आर्थिक विकास के बीच महंगे मकानों की बिक्री सात फीसदी बढ़कर 2024 में 12 साल के शीर्ष पर पहुंच गई है। इस दौरान कुल 3.51 लाख यूनिट्स की बिक्री हुई। नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, दो से पांच करोड़ रुपये की कीमत वाले मकानों की मजबूत मांग देखी गई। हैदराबाद और पुणे में बिक्री अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। मुंबई में 13 साल के शीर्ष पर बिक्री रही है। दो से पांच करोड़ रुपये की श्रेणी में 85 फीसदी की वृद्धि रही। एक करोड़ रुपये से कम कीमत वाले मकानों की बिक्री में गिरावट रही। नाइट फ्रैंक के चेयरमैन शिशिर बैजल ने कहा, महंगे घर की बिक्री ज्यादा इसलिए है, क्योंकि खरीदार बेहतर जीवनशैली चाहते हैं।इस मांग को पूरा करने के लिएडेवलपर्स महंगे-लग्जरी घर बना रहे हैं।

# वीआईपी दर्शन पर उपराष्ट्रपति का विरोध, बोले 'वीआईपी दर्शन आस्था के मूल भाव के विपरीत'



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वीआईपी दर्शन की प्रथा को दैवीयता के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। उन्होंने सभी भक्तों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि आस्था में भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

धनखड़ ने वीआईपी संस्कृति को बताया सामाजिक अतिक्रमणः उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आगे कहा, ÷जब किसी को विशेष प्राथमिकता दी जाती है और उसे वीवीआईपी या वीआईपी के रूप में मान्यता दी जाती है, तो यह समानता के सिद्धांत का उल्लंघन है। वीआईपी संस्कृति एक विकृति है, यह समाज में असमानता को बढ़ावा देती है। समानता की दृष्टि से इसका समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए, और धार्मिक स्थलों पर तो इसका बिल्कुल भी स्थान नहीं होना चाहिए।÷ कर्नाटक के अपने दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने धर्मस्थल स्थित श्री मंजूनाथ मंदिर में देश के सबसे बड़े 'क्यू कॉम्प्लेक्स' का उद्घाटन किया। इस नई सुविधा को 'श्री सानिध्य' के नाम से जाना जाएगा। यह सुविधा हेगड़े द्वारा डिज़ाइन की गई है और मौजूदा कतार प्रणाली का एक उन्नत विकल्प है। नया कॉम्प्लेक्स 2,75,177 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें तीन मंजिला संरचना शामिल है। इस परिसर में 16 हॉल हैं, जिनमें से हर एक में 600 से 800 श्रद्धालु बैठ सकते हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि इस परिसर की कुल क्षमता एक साथ 10,000 से 12,000 श्रद्धालुओं को समायोजित करने की है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ कार्यक्रम से पहले मंदिर शहर के प्रमुख देवता भगवान मंजूनाथ स्वामी (शिव के एक रूप) के दर्शन किए। इसके अलावा, उन्होंने श्री क्षेत्र धर्मस्थल के धर्माधिकारी डी वीरेंद्र हेगड़े के साथ भी मंदिर दर्शन किए। उपराष्ट्रपति ने 'श्री सानिध्य' नामक नए कतार परिसर का भी दौरा किया और भक्तों को बेहतर सुविधा देने के लिए मंदिर ट्रस्ट की प्रतिबद्धता की सराहना की।

# चार दशक का अनुभव है इसरो के नये चेयरमैन वी नारायण को, सोमनाथ की लेंगे जगह



केंद्र सरकार ने वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के नए अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव के रूप में नियुक्त किया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने इस निर्णय को मंजूरी दी, और वे 14 जनवरी 2024 को अपना कार्यभार संभालेंगे। वी नारायणन अगले दो सालों तक या अगले आदेश तक इस पद पर कार्य करेंगे।

वर्तमान सचिव डॉ. एस. सोमनाथन के कार्यकाल में इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता जैसे ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज कीं। उनके नेतृत्व में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में कई नई ऊंचाइयां छुईं, और अब वी नारायणन से भी ऐसी ही उम्मीदें हैं।

वी नारायणन अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट प्रणोदन के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हैं। उनके पास चार दशकों का व्यापक अनुभव है। उन्होंने इसरो में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अपनी विशेषज्ञता से योगदान दिया है। वह रॉकेट और अंतरिक्षयान प्रणोदन में विशेष ज्ञान रखते हैं।वी नारायणन ने 1984 में इसरो में बतौर वैज्ञानिक अपनी यात्रा शुरू की। शुरुआत में उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (ड्ढस्स्ष्ट) में साउंडिंग रॉकेट, एएसएलवी (संवर्धित उपग्रह प्रक्षेपण यान), और पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) पर काम किया।

## अदाणी मामले को लेकर अमेरिकी सांसद ने उठाए सवाल, कहा- इससे भारत-अमेरिका के संबंध को नुकसान



नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय अरबपति गौतम अदाणी और उनकी कंपनियों के खिलाफ जांच के बाइडन प्रशासन के फैसले को लेकर रिपब्लिकन सांसद ने न्याय विभाग को घेरा है। सांसद ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयों से भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान हो सकता है। अमेरिकी अटार्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड को लिखे पत्र में सांसद लांस गुडेन ने कहा कि न्याय विभाग की ऐसी चुनिंदा कार्रवाईयों से अमेरिका के वैश्विक संबंध और आर्थिक विकास प्रभावित हो सकता है।

सदन न्यायपालिका समिति के सदस्य और सांसद लांस गुडेन ने पत्र लिखकर अमेरिकी अटार्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड से जवाब मांगा है। गुडेन ने अपने पत्र में पूछा कि यदि भारत प्रत्यर्पण अनुरोध का पालन करने से इनकार कर देता है तो अमेरिका क्या करेगा। उन्होंने न्याय विभाग द्वारा विदेशी इकाइयों के विरुद्ध किए गए अभियोजन के बारे में भी जवाब मांगा। उन्होंने पत्र में यह भी पूछा कि क्या इसका जॉर्ज सोरोस से कोई संबंध है गुडेन ने कहा कि भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में से एक है। न्याय विभाग को कमजोर अधिकार क्षेत्र वाले मामलों को आगे बढ़ाने, विदेशों में अफवाहों का पीछा करने के बजाय घरेलू स्तर पर बुरे लोगों को दंडित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सांसद ने कहा कि उन संस्थाओं को निशाना बनाना जो अरबों डॉलर का निवेश करती हैं और अमेरिकियों के लिए हजारों नौकरियां पैदा करती हैं, दीर्घकाल में अमेरिका को ही नुकसान पहुंचा सकता है।

उन्होंने कहा कि जब हम हिंसक अपराध, आर्थिक जासूसी से जुड़े खतरों को नजरअंदाज कर देते हैं और उन लोगों के पीछे पड़ जाते हैं जो हमारे आर्थिक विकास में योगदान देते हैं, तो यह हमारे देश में निवेश करने वाले मूल्यवान निवेशकों को हतोत्साहित करता है।

## एनएसओ के आंकड़ों के बाद एसबीआई ने वृद्धि दर के अनुमानों में की कटौती, प्रति व्यक्ति जीडीपी पर दी अच्छी खबर



नईदिल्ली, एजेंसी। एनएसओ के 6.4 प्रतिशत वृद्धि दर के अनुमान के बाद एसबीआई ने भी अपने अनुमानों में कटौती कर दी है। एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। एसबीआई ने आर्थिक विकास को प्रभावित करने वाली चुनौतियों का हवाला देते हुए अपने अनुमान में यह संशोधन किया है।

रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 25 के लिए जीडीपी वृद्धि नीचे आकर लगभग 6.3 प्रतिशत रह सकती है। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माण और ऋण वृद्धि में मंदी, उच्च आधार प्रभाव के प्रभाव के साथ, वित्त वर्ष 25 के लिए वृद्धि दर की उम्मीदें कम हुई हैं।

2025 में भारत की प्रति व्यक्ति नॉमिनल जीडीपी 35 हजार रुपये बढ़ेगी। वास्तविक जीडीपी वृद्धि में मंदी और स्थिर नॉमिनल जीडीपी वृद्धि के बावजूद, प्रति व्यक्ति नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 25 में बेहतर हो सकती है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में यह दावा किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 25 में प्रति व्यक्ति नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 23 की तुलना में लगभग 35,000 रुपये अधिक होने का अनुमान है। व्यापक जीडीपी वृद्धि में गिरावट के बावजूद इस वृद्धि को सकारात्मक रूप से देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अपने पहले अग्रिम जीडीपी अनुमानों में, वित्त वर्ष 25 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि निजी खपत आर्थिक विकास के प्रमुख चालक के रूप में उभरी है, जिसने वित्त वर्ष 2025 में वास्तविक रूप से 7.3 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर्ज की है।

प्रति व्यक्ति आधार पर निजी खपत में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उपभोक्ता खर्च में मजबूत सुधार को दर्शाता है। दिलचस्प बात यह है कि प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय की 6.3 प्रतिशत की वृद्धि प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की 5.3 प्रतिशत की वृद्धि को पार कर गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह प्रवृत्ति घरेलू वित्तीय व्यवहार में बदलाव का संकेत देती है। आय के सापेक्ष उच्च खपत वृद्धि यह दर्शाती है कि परिवारों ने खर्च के स्तर को बनाए रखने के लिए अपनी बचत में कटौती की होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, वित्त वर्ष 2025 में बचत में शुद्ध कमी से निजी खपत को वित्तपोषित किया गया है।

निष्कर्ष चुनौतियों के बीच भी भारत की खपत-संचालित अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को उजागर करते हैं। हालांकि, रिपोर्ट ने इस प्रवृत्ति की स्थिरता के बारे में भी सवाल उठाए हैं, खासकर अगर बचत के स्तर में गिरावट जारी रहती है।

इसमें कहा गया है कि प्रति व्यक्ति पीएफसीई वृद्धि 5.3 प्रतिशत पर प्रति व्यक्ति जीडीपी वृद्धि से अधिक है। अगर यह सच है तो निजी खपत को वित्त वर्ष 25 में बचत में शुद्ध कमी से वित्तपोषित किया गया है। एसबीआई रिपोर्ट ने भारत के आर्थिक प्रक्षेपवक्र में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसमें विकास की व्यापक कहानी को आकार देने में प्रति व्यक्ति आय और खपत जैसे व्यक्तिगत आर्थिक संकेतकों के महत्व पर जोर दिया गया।

## चुनौतियों के बावजूद 2024 में वाहन बिक्री में 9 प्रतिशत उछाल, भीषण गर्मी-चुनाव और मानसून से जूझता रहा उद्योग



नईदिल्ली, एजेंसी। चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच दोपहिया और यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में गाड़ियों की बिक्री में सालाना आधार पर 9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2024 में देशभर में कुल 2,61,07,679 वाहन बिके। 2023 में कुल 2,39,28,293 गाड़ियां बिकी थीं। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने कहा, 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र एवं राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा।

संगठन के अध्यक्ष ने कहा, दोपहिया वाहन सेगमेंट में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल और मजबूत ग्रामीण मांग ने बिक्री में वृद्धि को बढ़ावा दिया। हालांकि, वित्तीय बाधाएं और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की लगातार बढ़ रही संख्या से चुनौती मिल रही है।इसके अलावा, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के बीच कीमतों को लेकर सतर्क रहने वाले ग्राहकों की धारणा पर भी नजर रखने की जरूरत है। पिछले साल कुल 40,73,843 यात्री वाहन बिके। यह 2023 में बिके 38,73,381 यात्री वाहनों से पांच फीसदी अधिक है।दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 फीसदी बढ़कर 1,89,12,959 इकाई पहुंच गई। 2023 में 1,70,72,932 दोपहिया वाहन बिके थे।

तिपहिया वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 11,05,942 से 11 फीसदी बढ़कर 12,21,909 इकाई पहुंच गई।

## चालू वित्त वर्ष में 9.7 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी नॉमिनल जीडीपी, कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन से मिलेगी राहत

नईदिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से देश की अर्थव्यवस्था के बढ़ने की रफ्तार चालू वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर भले ही चार साल के निचले स्तर पर आजाएगी, लेकिन नॉमिनल जीडीपी (मौजूदा कीमतों पर) की वृद्धि दर बढ़कर 9.7 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है।2023-24 में मौजूदा कीमतों पर आर्थिक वृद्धि दर 9.6 फीसदी थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से मंगलवार को जारी 2024-25 के पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार 2023-24 के 295.36 लाख करोड़ से 9.7 फीसदी बढ़कर 2024-25 में 324.11 लाख करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। डॉलर मूल्य में अर्थव्यवस्था का आकार चालू वित्त वर्ष में 3.8 लाख करोड़ डॉलर है। इसका अनुमान 85.7 रुपये प्रति डॉलर के आधार पर लगाया गया है। मौजूदा कीमतों पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 267.62 लाख करोड़ से 9.3 फीसदी बढ़कर 2024-25 में 292.64 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, एनएसओ के अनुमान तर्कसंगत लगते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों का प्रदर्शन बेहतर रह सकता है।

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा, शहरी अर्थव्यवस्था इस समय उच्च महंगाई और धीमी ऋण वृद्धि की दोहरी चुनौती से जूझ रही है। दूसरी तिमाही में सरकारी खर्च घटने की आगे भरपाईहो पाना भी मुश्किल है।

विदेशी ब्रोकरेज कंपनी एचएसबीसी ने कहा, वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में आधिकारिक अनुमान से कम यानी 6.2 प्रतिशत रह सकती है। स्थिर मूल्य पर निजी अंतिम उपभोग खर्च (पीएफसीई) में 2024-25 के दौरान 7.3 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है, जो 2023-24 में चार फीसदी रही थी। स्थिर मूल्य पर सरकारी अंतिम उपभोग खर्च (जीएफसीई) बीते वित्त वर्ष के 2.5 फीसदी की तुलना में चालू वित्त वर्ष में 4.1 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है।

# 14 किलो सोना, करोड़ों रुपए नकद, और 155 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा



सागर। सागर जिले में पूर्व बीजेपी विधायक हरवंश सिंह राठौर और बीड़ी-कंस्ट्रक्शन कारोबारी कारोबारी राजेश केशरवानी के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। इसमें 155 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। कार्रवाई में करोड़ों रुपए नकद, सोना-चांदी, सात इम्पोर्टेड कारें और तीन मगरमच्छ बरामद हुए। राठौर का मुख्य व्यवसाय बीड़ी उत्पादन है, जबकि केशरवानी कंस्ट्रक्शन और बीड़ी कारोबार से जुड़े हैं। अब दोनों को समन जारी कर बयान दर्ज किए जाएंगे।

**14 किलो सोना और 3.80 करोड़ कैश**

जानकारी के अनुसार,आयकर विभाग की टीम ने पूर्व बीजेपी विधायक हरवंश सिंह राठौर के घर पर छापेमारी के दौरान 14 किलो सोना और अन्य कीमती ज्वेलरी बरामद की। इस कार्रवाई में टीम ने 9 किलो 800 ग्राम सोना जब्त कर लिया है। इसके साथ ही, छापेमारी के दौरान 3.80 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। इस मामले में आयकर विभाग ने राठौर परिवार से पूछताछ भी शुरू कर दी है।

**तालाब में मिले तीन मगरमच्छ**

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के घर से नकदी और गोल्ड के अलावा एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। उनके घर के अंदर एक छोटे तालाब में तीन मगरमच्छ पाए गए। मगरमच्छ पालना गैरकानूनी है, और इस मामले में आयकर विभाग ने वन विभाग को सूचना दे दी है।

राजेश केशरवानी के ठिकानों पर आयकर विभाग को सात इम्पोर्टेड कारें मिलीं, जिनका मालिकाना हक उनके परिवार के किसी सदस्य के नाम नहीं है। इन कारों की जानकारी जुटाने के लिए आयकर विभाग ने परिवहन विभाग से सहायता मांगी है।

**करोड़ों की टैक्स चोरी का खुलासा**

आयकर विभाग ने इस कार्रवाई में 155 करोड़ रुपए से अधिक की टैक्स चोरी पकड़ी है। इसके अलावा 3 करोड़ रुपए नकद, बड़ी मात्रा में सोना-चांदी के जेवरात और कई बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए गए। अकेले राजेश केशरवानी के यहां से 140 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी के दस्तावेज मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह आंकड़ा और बढ़ सकता है।

**समन जारी कर बयान दर्ज किए जाएंगे**

आयकर विभाग की छापेमारी मंगलवार शाम तक जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि अब पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर और कारोबारी राजेश केशरवानी को समन जारी कर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

**जिलाध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार हैं राठौर**

हरवंश सिंह राठौर भाजपा के दिग्गज नेता और सागर जिले के बड़े कारोबारी हैं। वह 2013 में बंडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। वर्तमान में उन्हें भाजपा जिलाध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। उनके पिता हरनाम सिंह राठौर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

**सागर की छापेमारी का महत्व**

इस कार्रवाई से सागर जिले में कर चोरी और बेनामी संपत्तियों पर कड़ा प्रहार हुआ है। आयकर विभाग के अनुसार, छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेजों की जांच से टैक्स चोरी और संपत्तियों की पूरी सच्चाई सामने आएगी।

## शैलेन्द्र यादव बने अध्यक्ष



**छिंदवाड़ा।** निगम ठेकेदार एसोसिएशन के चुनाव में शैलेन्द्र यादव अध्यक्ष चुने गये। अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होने कहा कि ठेकेदार साथियों के हितों की रक्षा करेंगे। एवं समय पर उन्हें भुगतान हो सके जिससे ठेकेदारों को परेशानी न हो।

## वाराणसी तीर्थ अयोध्या स्थल के लिये रेल्वे स्टेशन छिंदवाड़ा से विशेष ट्रेन प्रस्थान आज



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 08 जनवरी 2025 को वाराणसी तीर्थ अयोध्या (काशी) स्थल के लिये विशेष ट्रेन छिन्दवाड़ा रेल्वे स्टेशन जिला छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेगी। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि वाराणसी तीर्थ अयोध्या (काशी) स्थल के लिये विशेष ट्रेन छिन्दवाड़ा रेल्वे स्टेशन जिला छिन्दवाड़ा से 08 जनवरी 2025 को प्रस्थान करेंगी (ट्रेन की समय-सारणी की विस्तृत जानकारी पृथक से प्रेषित की जायेगी)। आवेदनों का रेण्डेमाईजेन किये जाने के बाद 300 चयनित तीर्थ यात्री एवं 30 प्रतिक्षा तीर्थ यात्रियों तथा 06 अनुरक्षक को सम्मिलित किया जाकर सूची तैयार की गई है। उन्होंने इस संबंध में आयुक्त नगरपालिक निगम, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## बादल रहने एवं वर्षा नही होने की संभावना

**छिंदवाड़ा।** भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (08 जनवरी ङ्क 12 जनवरी 2025) हल्के से मध्यम बादल रहने एवं वर्षा नही होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 27-28 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 12-14 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है। अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 90-99 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 69-73 प्रतिशत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा उत्तर-पूर्व और पूर्व दिशाओ में बहने एवं 02-04 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

# दुर्घटना के बाद रेत चौकियों को आग के हवाले किया और रात भर रेत डंपरों को रोक चक्का जाम किया

### सौंसर पुलिस ने समझाइश देकर मामले को शांत कराया



**सौसर।** देर रात हुई घटना से हुये आक्रोषित मौके पर पहुंचा प्रशासनिक दल, तीन महा बाद रोड का काम शुरू होने का दिया दावा सौसर एसडीएम पटेल द्वारा खनिज विभाग, रोड विभाग को दि चेतावनी ग्रामीणों द्वारा कहा जब तक रोड नहीं तब तक डाम्पर नहीं खबर सौसर से जहा बीती रात रोड से एक मोटर साइकिल से युवक गिरने से जो हादसा हुआ, जिसके कारण ग्रामीण आक्रोषित हुये, क्योंकि आये दिन कोई ना कोई हादसे का शिकार हो रहे।

जिसके कारण सावँगा से सातनूर तक जो रोड की हालत है जो काफ़ी गंभीर है, जहा रोड पर डामर दिखाना चाहिए वहां कच्चा रास्ता बना है, और ऊपर से उस पर पानी का छिड़काव करने से आने जाने वाले हमेशा हादसों का शिकार होते है। जब रात में मोटरसाइकिल सवार राजेश नचानकर घायल हुआ तभी उनके रिस्तेदार भड़क उठे, और आनफ़नन मे रेत घाट वाली चौकियों को आग के हवाले कर दिया और रात भर सभी रेत डंपरो को रोक कर चक्का जाम कर दिया।

मौक़े पर सौंसर पुलिस एसडीओपी नागर द्वारा मौक़े पर आकर मोर्चा संभाला तो सुबह सभी अधिकारी द्वारा मौक़े पर आकर ग्रामीणों को समझाइस देकर मौक़े से सभी को हटाकर मामले को शांत किया सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल द्वारा बताया गया की जनता की मांग जायज है और वह होकर रहेगी, और जिस प्रकार से मांग की जब तक रोड नहीं तब तक डम्पर भी नहीं चलेंगे। अधिकारियो द्वारा कहा की ऐसा नहीं होगा डाम्पर चलेंगे पर ओवर लोड नहीं, फिर जनता भड़की की नहीं ऐसा बिलकुल नहीं होगा पहले रोड बनेगा उसके बाद रेत के डम्पर चलेंगे वरना नहीं वही मौक़े पर लेट पहुंचे सौसर विधायक विजय चौरे द्वारा जनता का साथ दिया और वादा किया की आप जैसा चाहोगे वैसा हीं होगा रोड नहीं तो डम्पर भी नहीं चलेंगे। अब रेत के साथ साथ डोलामाईट के सफ़ेद पत्तर से भरे ओवरलोड डम्पर और ट्रक्टर चलते है उनपे भी गिरेगी गाज। मौक़े पर लोधीखेड़ा थाने के टी आई द्वारा अपने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाले रखा और शांति पूर्वक तरीके से मामले को निपटाया। पत्रकारो से बात करने मे खनिज विभाग और राजस्व विभाग द्वारा कन्नी काटता रहा।

## पत्रकार के हत्यारे को फांसी की सजा देने के लिए छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पूरे देश में आक्रोश से तो वही छिंदवाड़ा में भी छिन्दवाड़ा प्रेस एसोसिएशन द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए राष्टपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने के साथ ही पूरे भारत देश मे पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन के संरक्षक और वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया ने बताया कि पूरे देश में पत्रकार असुरक्षित महसूस कर रहा है ऐसे समय में उन्हें सुरक्षा देने की अब जिम्मेदारी सरकार की है, इसलिए छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा कानून लाकर लागू करने की माँग करता है छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेंद्र राय ने बताया कि पत्रकार लगातार जनहित के मुद्दों के लिए घर से बाहर निकलकर अपनी जान जोखिम में डालकर काम करता है लेकिन उन पर लगातार हमले हो रहे हैं जल्द से जल्द सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना चाहिए इसके साथ ही छिंदवाड़ा जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ असाढूलाल सरेआम का असमय बीमारी के चलते निधन हो जाने के कारण सभी पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से मांग की है की जल्द से जल्द उनके परिवार को सरकार के नियम अनुसार अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए इस अवसर पर प्रेस एसोसिएशन के संरक्षक एवं पदाधिकारी के साथ बड़ी संख्या में जिला प्रेस एसोसिएशन के सदस्य पत्रकार एवं प्रेस फोटोग्राफर उपस्थित थे।

## नकुलनाथ की ओर से अजमेर शरीफ में पेश की जाएगी चादर

### अमन, चैन की मांगी दुआ



छिन्दवाड़ा। जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की ओर से प्रसिद्ध सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की राजस्थान राज्य के अजमेर स्थित दरगाह पर चादर पेश की जाएगी। आज श्री नकुलनाथ ने निज निवास कमलकुंज से मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगकर अजमेर शरीफ में चादरपोशी हेतु चादर भेजी। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स के अवसर पर छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के अनुयायी को बधाई व शुभकामनाएं दी। भारतवर्ष की पहचान कही जाने वाली गंगा जमुना तहजीब व सामाजिक सदभाव को हमेशा ही ख्वाजा गरीब नवाज की शिक्षा ने मजबूती प्रदान की है। श्री नकुलनाथ की ओर से भेजी गई चादर को अजमेर शरीफ की दरगाह पर पेश किया जाएगा। नकुलनाथ ने अपने संदेश में सभी को उर्स की मुबारकबाद देते हुए जिले, प्रदेश व देश में अमन-चैन व भाईचारे की कामना की। श्री नकुलनाथ ने विश्व शांति की दुआ के साथ कमलकुंज से चादर रवाना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, गुरुचरण खरे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। चादर लेकर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष फिरोज खान, तौसिफ सिद्धिकी, सांसद प्रतिनिधि जाकिर परवेज, इरफान मंसूरी, शानू कुरैशी व नरेश पटेल अजमेर शरीफ रवाना हुए।

## उपभोक्ता फोरम प्रतितोषण आयोग छिंदवाड़ा ने ठोका 55000 का जुर्माना

छिंदवाड़ा। मोहन साहू पिता दीनदयाल साहू निवासी गुलाबरा द्वारा 2 अप्रैल 2023 को परासिया रोड संजू ढाबा के बाजू में एल पी डील के संचालक द्वारा लोक लुभावना विज्ञापन जिसमें प्रति लीटर महाकोष तेल 99 रुपए का किया गया था किंतु उपभोक्ता मोहन साहू ने 5 लीटर तेल खरीदा उसे 110 रुपए प्रति लीटर तेल दिया गया और उसे तेल में मात्र 890 ग्राम ही रखी गई थी उपभोक्ता ने निवेदन पूर्वक संचालक से आग्रह किया उसकी एक नहीं सुनी गई और ना ही तेल वापस किया गया और ना ही राशि वापस की गई उपभोक्ता अपने अधिवक्ता नंदकिशोर वर्मा से संपर्क किया। श्री वर्मा ने सारा घटनाक्रम सुनने के बाद मोहन साहू की ओर से न्यायालय उपभोक्ता फोरम प्रतितोषण आयोग छिंदवाड़ा में पैरवी भी करते हुए प्रकरण लगाया अनावेदक प्रबंधक की ओर से अधिवक्ता देशराज सूर्यवंशी ने पैरवी किया एल पी डील का बचाव किया उपभोक्ता फोरम आयोग के पीठासीन न्यायाधीश श्यामा चरण उपाध्याय सदस्य गण मोहन सोनी नीता मालवीय ने दोनों पक्षों को सुनते हुए उपभोक्ता फोरम आयोग ने पाया कि मोहन साहू उपभोक्ता के साथ सेवा में कमी की गई है न्यायालय ने 55,000 रुपए अनावेदक एलपी डील सुपर मार्केट के संचालक पर जुर्माना ठोका और एक महीने के भीतर राशि अदा करने का आदेश पारित किया उक्त फैसला अधिवक्ता नंदकिशोर वर्मा व रामकांत वर्मा एवं आवेदक मोहन साहू के पक्ष में सुनाया गया !

## नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय चुनाव में डॉ साहू सह सचिव निर्वाचित



छिंदवाड़ा। गत दिवस नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय चुनाव विदिशा में स्थित आशीष मंगल वाटिका में संपन्न हुए कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारी का सम्मान एवं वार्षिक प्रतिवेदन उपरांत प्रदेश स्तरीय नवीन कार्यकारिणी हेतु चुनाव संपन्न हुए इस नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ महेश गुप्ता इंदौर, सचिव डॉ कल्याण सिंह ठाकुर जबलपुर, कोषाध्यक्ष डॉ अरुण कपूर बुरहानपुर, डॉ मयंक कुमार साहू छिंदवाड़ा निर्वाचित हुए कार्यक्रम में नरसिंहपुर बालाघाट ग्वालियर भोपाल सागर इंदौर बैतूल नागदा जबलपुर बुरहानपुर खंडवा दमोह छिंदवाड़ा सहित अन्य शहरों के चिकित्सकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ गणेश प्रसाद साहू डॉ अरविंद राऊत डॉ देवेंद्र पालीवाल डॉ कमलेश सोनारो डॉ हरिश सतनामी सहित अन्य

## सांसद के प्रयासों से तामिया सीएम राइज स्कूल के 14 आदिवासी विद्यार्थियों ने संसद भवन का किया भ्रमण



छिंदवाड़ा। सी. एम. राइज स्कूल तामिया के चार शिक्षकों के स्टाफ के साथ 14 छात्र, छात्राओं के दल ने संसद भवन नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण किया। सांसद ने गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सी. एम. राइज स्कूल तामिया के छात्र छात्राओं को संसद भवन दिल्ली में भ्रमण पर भेजने के लिए कहा था। जिसके चलते सांसद ने आदिवासी बच्चों को सांसद भ्रमण पर नई दिल्ली जाने के लिए सारी व्यवस्था की एवं उन्हें शिक्षकों के साथ संसद भवन के भ्रमण के लिए भेजा।

संसद के शैक्षणिक भ्रमण पर गए शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सांसद को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों के चलते आदिवासी विद्यार्थी को संसद का भ्रमण करने का मौका मिला है, वे पहली बार दिल्ली आए और साथ में संसद भवन जैसी देश की सर्वोच्च संस्था का भ्रमण करने का मौका मिला। विकास को लेकर भी सक्रिय हैं।

विद्यार्थियों ने नए और पुराने संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक अध्ययन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था संसद भवन के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा को भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोकसभा और राज्यसभा की बैठकों के साथ संयुक्त अधिवेशन किस कक्ष में होता है, वहां की क्या व्यवस्था है आदि की जानकारी ली बच्चों ने म्यूजियम का भी अवलोकन किया। संसद का इतिहास और उसकी भौगोलिक जानकारियां म्यूजियम में उपलब्ध थी। संसद भवन के प्रवेश को लेकर बच्चों में उत्साह नजर आ रहा था नए संसद भवन का भारी दृश्य विद्यार्थियों के लिए रोमांच का विषय रहा और उन्होंने यहां नृत्य भी किया।

संसद भवन के शैक्षणिक भ्रमण में चार शिक्षकों का स्टाफ और 14 स्कूली छात्र छात्राएं शामिल थे। जिनमें स्कूल स्टाफ शिक्षकों में बी.के. सानेर, महेश इनवाती, नीलू भारती, श्रीमती संगीता पवार, 14 छात्र, छात्राओं में विवेक भारती, साईं मरकाम, अंकुश भारती, रमेश भारती, हर्षिता जोशी, अभ्या गोहिया, रितिका धुर्वे, राधिका उईके, काव्य नर्रे, सुहानी सरवैया, एंजेल सरवैया, शीतल विश्वकर्मा, अंजलि मरकाम, योगिता डेहरिया शामिल है।

## सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग

### जनसुनवाई : कलेक्टर श्री सिंह ने सुनी 157 आवेदकों की समस्यायें



छिन्दवाडा। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 157 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम खैरवानी के शिवप्रसाद यदुवंशी ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, न्यूटन चिखली निवासी कमलप्रसाद ने कृषि भूमि का फौती नामांतरण करने, ग्राम माचागोरा निवासी श्याम कुमार वर्मा ने भूमि का सीमांकन करने, ग्राम डुंगरिया के लक्ष्मण वर्मा ने पिता की कृषि भूमि में बंटवारा करने, ग्राम उमरानाला के रविशंकर व ग्राम बेलगांव के शिवकुमार मर्सकोले ने आर्थिक सहायता राशि दिलाने, खिरसाडोह की श्रीमती सुरेखा उईके ने भूमि का पट्टा प्रदान करने, ग्राम बम्होरीकला के ग्रामवासियों ने तालाब निर्माण कार्य कराने एवं सड़क निर्माण कार्य कराने, ग्राम पटपड़ा के हूमदेव सूर्यवंशी ने जन्म प्रमाण पत्र में सरनेम में सुधार कराने, ग्राम खमरा की श्रीमती दर्शना चौरसिया ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राशि दिलाने, ग्राम अतरिया के सगनसिंह परतेती ने आयुष्मान कार्ड बनाने, छिंदवाड़ा नगर स्थित विवेकानंद कॉलोनी की श्रीमती अलका पटेल ने पति की मृत्यु के बाद शासन से मिलने वाली संबल योजना की राशि दिलाने, चंदनगांव की श्रीमती सीताबाई ठाकरे ने भूमि का सीमांकन करने, वार्ड नंबर 36 की श्रीमती रेखा कहार ने राशन कार्ड बनाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

## खेल महाकुंभ के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 10, खिलाड़ियों में भारी उत्साह

**छिंदवाड़ा:** सांसद खेल महाकुंभ की तैयारी अंतिम चरणों में है। अंकित सोलंकी जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी ने बताया कि शहर के विभिन्न ग्राउण्डों का कार्य अंतिम चरणों में है। सांसद बंटी विवेक साहू जी के निर्देश पर सांसद खेल महाकुंभ में 32 प्रकार के विभिन्न खेलों का आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर विभिन्न खेल के खिलाड़ियों में भारी उत्साह है खिलाड़ी अपने खेलो के अभ्यास में जुट चुके है। इस माहौल को देखते हुये खेलों के रजिस्ट्रेशन फार्म की तारीख 10 जनवरी कर दी गई है। खेल संयोजक नितिन खण्डेलवाल ने बताया कि शहर के विभिन्न ग्राउण्ड जैसे फुटबाल स्टेडियम ग्राउण्ड, क्रिकेट कलेक्ट्रेट के सामने वाले ग्राउण्ड, कबड्डी, वास्केटबाल, वालीबाल, हॉकी, एथेलेटिक्श, सायकिलिंग, रोप स्कीपिंग, मैराथॉन, तीरंदाजी, दिव्यांगजन खेल पुलिस लाईन, कैरम बैडमिनटन पावरलिफ्टिंग, वेटलिफटिंग, कुस्ती, बुशु, शतरंज, योगाशन, रस्साकसी स्टेडियम ग्राउण्ड, हैण्डवाल इनर ग्राउण्ड, जुजित्सु मार्शल आर्ट, कराटे श्रीनाथ स्कूल, नेटबाल भारत-भारती स्कूल, पतंग प्रतियोगितासांसद कार्यालय के सामने, शूटिंग द अर्जुन अकेडिमि चंदनगांव इन ग्राउण्डो में खेल का आयोजन किया जायेगा। संसद बंटी विवेक साहू ने सभी खिलाड़ियों को अपने खेल का पंजीयन जल्द से जल्द कराकर सभी खेलों में खिलाड़ियों को अधिक संख्या में भाग लेने को कहा। खेल की सभी जानकारियों के लिए सांसद कार्यालय, अंकित सोलंकी जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ संयोजक खेल महाकुंभ नितिन खण्डेलवाल सहसंयोजक खेल महाकुंभ श्रेय जैन सहसंयोजुक खेल महाकुंभ संदीप मालवीया संपर्क कर सकते है।

## सुलभ शौचालय की मांग

**छिंदवाड़ा।** छोटी बाजार में सुलभ शौचालय नहीं होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी होती है, अखिलभारतीय संयुक्त अधिवक्ता महा संघ छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष एवं समाज सेवी पहलवान सीताराम विश्वकर्मा ने जिलाध्यक्ष को जन सुनवाई में पत्र देकर मांग की है कि वहां सुलभ शौचालय बनाया जावे। छोटी बाजार में पी.डब्ल्यू डी का बंगला है वहां पर सुलभ शौचालय नगर निगम द्वारा बनवाया जाये जिससे आस-पास के लोगों को परेशानी का सामना न करने पड़े।

### दूसरे दिन फिर रैली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम पंचायत चौकीदारं, अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहा

## नागपुर जाकर संघ प्रमुख को बताएंगे चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के साथ हो रहा अन्याय



छिंदवाड़ा। आल डिपार्टमेंट आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश व्यापी आव्हान न्यूनतम वेतन के सवाल पर चल रहे आंदोलन के तहत दूसरे दिन फिर बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत चौकीदारं, अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारी राजू कुड़ापे, संतोष उईके, नेमीशरण वर्मा, राजेश वर्मा, कृष्णा मांजरीवार के नेतृत्व में रैली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री एवं श्रममंत्री के नाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में न्यूनतम वेतन के सवाल पर चलाए जा रहे आंदोलन में ग्राम पंचायतों से लेकर कलेक्ट्रेट, स्कूलों, छात्रावासों, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, दुग्ध संघ सहित ज्यादातर विभागों के कर्मचारी शामिल रहे। ज्ञापन देकर कर्मियों ने मांग की कि पंचायतों में कार्यरत कर्मियों को न्यूनतम वेतन दिया जाए तथा बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का आउटसोर्स कर्मियों को एरियर सहित भुगतान कराया जाए। कलेक्ट्रेट में मीडिया से बातचीत करते हुए वासुदेव शर्मा ने कहा कि छिंदवाड़ा सहित प्रदेश में चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के साथ व्यापक स्तर पर अन्याय हो रहा है, दो दिन कलेक्ट्रेट पर बैठने के बाद अब फरवरी में नागपुर जाकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवतजी को चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के साथ हो रहा अन्याय बताएंगे और उनसे सरकारी विभागों का कंपनीकरण रुकवाने तथा पंचायती राज व्यवस्था को रोजगारन्मुखी बनाए रखने की मांग करेंगे।

कलेक्ट्रेट पहुंचने से पहले कर्मचारियों ने इंदिरा तिराहे पर धरना दिया, जिसमें बोलते हुए वासुदेव शर्मा ने कहा कि छिंदवाड़ा में पंचायती राज व्यवस्था धीरे-धीरे जमीदारी प्रथा में बदलती जा रही है, इसीलिए वहां काम करने वाले चौकीदारों, पंप आपरेटरों, भृत्य, सफाईकर्मियों से 2-3 हजार रुपए में काम कराया जा रहा है, ग्राम पंचायतों में ठीक वैसी ही स्थिति हो गई है जैसी आजादी से पहले जमीदारी प्रथा में हुआ करती थी, जिसमें काम करने वाले को तुच्छ सा मेहनताना दिया जाता था। शर्मा ने कहा कि आज गांव सबसे अधिक अन्याय के शिकार हैं और ग्रामीण जनता के बीच गरीबी बढ़ रही है, जिसका कारण है ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगारों का समाप्त हो जाना। मनरेगा लगभग ठप्प सी है, जिस कारण ग्रामीण मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है और वे दूसरे जिलों में पलायन को मजबूर हैं, जिन्हें पंचायती राज के तहत काम मिला है, उन्हें 2-3 हजार रुपए दिए जा रहे हैं, वह भी सरपंच सचिव की मेहरबानी होने के बाद, इसी तरह मनरेगा में काम कराने वाले मेठों को भी किसी तरह का मासिक वेतन नहीं मिलता है, कुल मिलाकर कहें तो पंचायती राज व्यवस्था जमीदारी प्रथा में बदल चुकी है, इसीलिए अन्याय हो रहा है।

वासुदेव शर्मा ने कहा कि अन्याय सिर्फ ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों के साथ ही नहीं हो रहा, दूसरे सरकारी विभागों में काम करने वाले आउटसोर्स, ठेका श्रमिक कर्मचारी भी इसी तरह के अन्याय के शिकार है। सरकारी विभागों का कंपनीकरण किया जा रहा है, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की सारी नौकरियां आउटसोर्स, अस्थाई की जा चुकी है, जिसमें भुखमरी का वेतन मिलता है और कभी भी नौकरी से निकाल दिया जाता है, जिस तेजी के साथ सरकारी विभागों का कंपनीकरण हो रहा है, उसे ऐसा लग रहा है कि सरकारी विभागों में सिर्फ अधिकारी सरकारी होंगे, बाकी सभी कर्मचारी ठेके वाले होंगे। शर्मा ने कहा कि 20 साल से मप्र में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती नहीं हुई, चपरासी, माली, ड्राईवर, चौकीदार, वार्डवाय, सफाईकर्मी की नौकरी सरकार ने नहीं दी है, इसी तरह सरकार के पास खुद का कंप्यूटर आपरेटर तक नहीं है, जबकि बिना कंप्यूटर आपरेटर के किसी भी विभाग में काम नहीं चल सकता है, इसी तरह सरकार ने चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी की नौकरियां ठेके पर देकर समाज के गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक संकट में ढकेल दिया और उनके लिए सरकारी नौकरी के रास्ते पूरी तरह बंद किए जा चुके हैं, इसीलिए आज इस गंभीर समस्या पर सभी को मिलकर संघर्ष करना पड़ेगा, तभी सरकार को नौकरियां खत्म करने जैसे विनाशकारी रास्ते से वापस लौटाया जा सकता है। शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन फरवरी में संघ प्रमुख मोहन भागवतजी से नागपुर जाकर मिलेगा और उनसे सरकारी विभागों के हो रहे कंपनीकरण को रुकवाने का आग्रह करेंगा।

सोशल मीडिया से

# रत्ती भर ...

रत्ती यह शब्द लगभग हर जगह सुनने को मिलता है। जैसे - रत्ती भर भी परवाह नहीं, रत्ती भर भी शर्म नहीं, रत्ती भर भी अक्ल नहीं... !!

आपने भी इस शब्द को बोला होगा, बहुत लोगों से सुना भी होगा। आज जानते हैं रत्ती की वास्तविकता, यह आम बोलचाल में आया कैसे?

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि रत्ती एक प्रकार का पौधा होता है, जो प्रायः पहाड़ों पर पाया जाता है। इसके मटर जैसी फली में लाल-काले रंग के दाने (बीज) होते हैं, जिन्हें रत्ती कहा जाता है। प्राचीन काल में जब मापने का कोई सही पैमाना नहीं था तब सोना, जेवरात का वजन मापने के लिए इसी रत्ती के दाने का इस्तेमाल किया जाता था।



सबसे हैरानी की बात तो यह है कि इस फली की आयु कितनी भी क्यों न हो, लेकिन इसके अंदर स्थापित बीजों का वजन एक समान ही 121.5 मिलीग्राम (एक ग्राम का लगभग 8वां भाग) होता है। तात्पर्य यह कि वजन में जरा सा एवं एक समान होने के विशिष्ट गुण की वजह से, कुछ मापने के लिए जैसे रत्ती प्रयोग में लाते हैं। उसी तरह किसी के जरा सा गुण, स्वभाव, कर्म मापने का एक स्थापित पैमाना बन गया यह रत्ती शब्द।

रत्ती भर मतलब जरा सा।

अक्सर लोग दाल या सब्जी में ऊपर से नमक डालते रहते हैं। पुराने समय में माँग हुआ करती थी- - रत्ती भर नमक देना। रत्ती भर का मतलब जरा सा होता है। अब रत्ती भर कोई नहीं बोलता। सभी जरा सा हीं बोलते हैं, लेकिन रत्ती भर पर आज भी मुहावरे प्रचलित हैं। रत्ती भर का वाक्यों में प्रयोग के कुछ नमूने देखिए --

1 )तुम्हें तो रत्ती भर भी शर्म नहीं है।

2 )रत्ती भर किया गया सत्कर्म एक मन पुण्य के बराबर होता है.

3 ) इस घर में हमारी रत्ती भर भी मूल्य नहीं है।

कुछ लोग रत्ती भर भी झूठ नहीं बोलते।

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि जिस रत्ती की बात यहाँ हो रही है, वह माप की एक इकाई है। यह माप सुनार इस्तेमाल करते हैं। पुराने जमाने जो माप तौल पढ़े हैं, उनमें रत्ती का भी नाम शामिल है। विस्तृत वर्णन इस प्रकार है -

8 खसखस = 1 चावल,
8 चावल = 1 रत्ती
8 रत्ती = 1 माशा
4 माशा =1 टंक
12 माशा = 1 तोला
5 तोला= 1 छटाँक
16 छटाँक= 1 सेर
5 सेर= 1 पंसेरी
8 पंसेरी= एक मन

हाँलाकि उपरोक्त माप अब कालातीत हो गये हैं, पर आज भी रत्ती और तोला स्वर्णकारों के पास चल रहे हैं। 1 रत्ती का मतलब 0.125 ग्राम होता है। 11.66 ग्राम 1 तोले के बराबर होता है। आजकल एक तोला 10 ग्राम होता है।

इन सभी माप में रत्ती अधिक प्रसिद्ध हुई, क्योंकि यह प्राकृतिक रुप से पायी जाती है। रत्ती को कृष्णला, और रक्तकाकचिंची के नाम से भी जानी जाता है। रत्ती का पौधा पहाड़ों में पाया जाता है। इसे स्थानीय भाषा में गुंजा कहते है।

रत्ती के बीज लाल होते हैं, जिसका ऊपरी सिरा काला होता है। सफेद रंग के भी बीज होते हैं, जिनके ऊपरी सिरे भी काले होते हैं। यह बीज छोटा बड़ा नहीं होता, बल्कि एक माप व एक आकार का होता है। प्रत्येक बीज का वजन एकसमान होता है। इसे आप कुदरत का करिश्मा भी कह सकते हैं।

रत्ती के इस प्राकृतिक गुण के कारण स्वर्णकार इसे माप के रुप में पहले इस्तेमाल करते थे, शायद आजकल भी करते होंगे। रत्ती का उपयोग पशुओं के घावों में उत्पन्न कीड़ों मारने के लिए किया जाता है। यह खुराक के रूप में प्रयोग किया जाता है। एक खुराक में अधिकतम दो बीज हीं दिए जाते हैं। दो खुराक दिए जाने पर घाव ठीक हो जाता है।

रत्ती के बीज जहरीले होते हैं। इसलिए ये खाए नहीं जाते। इनकी माला बनाकर माताये अपने बच्चों को पहनाती हैं। ऐसी मान्यता है कि इसकी माला बच्चों को बुरी नज़रों से बचाती है।

# भाजपा: 6 दिनों से चल रही जिला अध्यक्षों के चयन की कवायद के बाद भी अंतिम निर्णय नहीं, अब सब दिल्ली में तय होगा

**भोपाल।** जिला भाजपा अध्यक्षों की घोषणा को लेकर टकटकी लगाए भाजपा कार्यकर्ताओं का इंतजार लंबा होता जा रहा है। पार्टी में अपने समर्थकों को जिला अध्यक्ष बनाने की लड़ाई इतनी तेज हो गई कि कई दौर की बैठकें होने के बाद भी इन पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। सोमवार का पूरा दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेताओं के बीच भोपाल में बैठकों का दौर चलता रहा। इसी बीच खबरें आती रही कि अध्यक्ष के नामों का ऐलान होने वाला है, लेकिन मंगलवार को खबर लिखे जाने तक भाजपा जिला अध्यक्षों का ऐलान नहीं कर सकी।



भोपाल से लेकर दिल्ली तक जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर कवायद जारी है। इस बीच यह अटकलें तेजी से चल रही है कि मंगलवार को 30 से ज्यादा जिलों के अध्यक्षों का चयन कर उनकी घोषणा कर दी जाएगी। इस बीच पिछले कई दिनों से चल रही इस कवायद में भाजपा अपने मूल स्वरूप से अलग दिखाई दी।

प्रदेश में संभवतः पहली बार हुआ कि पिछले 6 दिनों से जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर चल रही कवायद पर अंतिम निर्णय की स्थिति नहीं बन सकी। जबकि पहले भाजपा में ऐसा नहीं होता था, भाजपा में रायशुमारी के बाद यह तय हो जाता था कि किस जिले का अध्यक्ष कौन बनेगा।

खासबात यह है कि पार्टी वीथ डिफरेंस में पठ्ठावाद हावी होता नजर आ रहा है। दिल्ली से लेकर भोपाल तक अनिर्णय की स्थिति बनी हुई है। यह हालात कभी कांग्रेस में हुआ करते थे, जो अब भाजपा में दिखाई दे रहे हैं। लोगों का यह भी कहना है कि इस बार यह स्थिति कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं के साइड इफेक्ट है।

**केंद्रीय संगठन का कितना हस्तक्षेप-** सूत्रों की मानी जाए तो केंद्रीय संगठन का बहुत ज्यादा हस्तक्षेप जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर नहीं हैं। चुनावी प्रक्रिया के बीच शिवप्रकाश और सरोज पाण्डेय को जिम्मेदारी जरुरी सौंपी गई थी। इन्होंने दो जनवरी को बैठक कर जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर केंद्रीय संगठन की ओर से औपचारिकता पूरी कर दी, लेकिन इसके बाद प्रदेश भाजपा के नेता ऐसे सक्रिय हुए कि जो घोषणा पांच जनवरी तक होना थी, वह सात जनवरी की दोपहर तक नहीं हो सकी। केंद्रीय संगठन भी इस बार मध्य प्रदेश भाजपा के नेताओं के बीच जो चल रहा है उसे वॉच कर रहा है।

### इधर शिवराज अचानक हुए सक्रिय

शिवराज सिंह चौहान सोमवार को भोपाल में खासे सक्रिय नजर आए। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से उनके घर जाकर मुलाकात की। वहीं वे अपने पुराने साथी प्रहलाद पटेल से मिलने भी पहुंचे। शिवराज सिंह चौहान, प्रहलाद पटेल के बंगले पर गए थे। दोनों ही नेताओं से शिवराज सिंह ने बंद कमरें में अलग-अलग बातचीत की। इधर जिला अध्यक्ष के चयन की खींचतान को लेकर सबसे चर्चित जिला सागर के नेता एवं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने भी शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इन सभी मुलाकातों को भाजपा में चल रही जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के चयन की कवायद से जोड़कर देखा जा रहा है।

### ऐसे हो रही खींचतान

- बड़े नेता अपने समर्थक को जिला अध्यक्ष बनवाने के लिए लगा रहे जोर
- अपने ज्यादा समर्थकों को मिले जिलों की कमान, इसकी नेताओं के बीच चल रही होड़
- क्षेत्र के विधायको- सांसदों में नहीं हो रहा सामंजस्य
- कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं की वर्किंग और पंसद का नहीं हो रहा भाजपा संगठन से मेल
- निवर्तमान जिला अध्यक्ष अपने स्थान पर अपने पठ्ठे समर्थक के लिए कर रहे लॉबिंग

# मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन तक कड़ाके की ठंड का दौर



**भोपाल।** जनवरी में दूसरी बार मध्यप्रदेश कड़ाके की ठंड से ठिठुर गया है। बर्फीली हवाओं की वजह से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में दिन-रात के टेम्परेचर में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 दिन तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी। वहीं, 10 जनवरी से बादल और बूंदाबांदी वाला मौसम रहेगा। 12 जनवरी को कई शहरों में हल्की बारिश होने का अनुमान है।

उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी के बाद सर्द हवा की रफ्तार बढ़ गई है। मंगलवार को 12.5 किमी की ऊंचाई पर 250 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं बही, जिसका असर पूरे प्रदेश में देखने को मिला। 8, 9 और 10 जनवरी को भी सर्द हवाओं का असर रहेगा। बुधवार को प्रदेश के आधे हिस्से में कोहरे का असर रहेगा। वहीं, ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग के जिलों में शीतलहर चलेगी।

उत्तरी हवा के असर से दिन-रात के तापमान में गिरावट हुई है। अगले 3 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा। उत्तर-पश्चिम भारत में 10 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होगा। इसके असर से 12 जनवरी से बूंदाबांदी हो सकती है। 8 जनवरी को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में शीतलहर का असर रहेगा। वहीं, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, नर्मदापुरम, रायसेन, नरसिंहपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी में मध्यम से घना कोहरा छाया रहेगा। 9 जनवरी को मौसम साफ रहेगा, लेकिन ठंड का असर बना रहेगा। 10 को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। 11 को ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, सतना और रीवा में भी बारिश होने के आसार हैं।

### भोपाल में 6.4 डिग्री लुढ़का दिन का पारा

बर्फीली हवा की वजह से मध्यप्रदेश फिर से ठिठुर गया है। मंगलवार को प्रदेश के कई शहरों में दिन के पारे में खासी गिरावट हुई। राजधानी भोपाल में पारा 21.4 डिग्री रहा। एक ही दिन में पारा 6.4 डिग्री लुढ़क गया। ग्वालियर में तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पचमढ़ी में 19.9 डिग्री, धार में 21.6 डिग्री, गुना में 21.3 डिग्री, इंदौर में 22.1 डिग्री, रायसेन में 23.2 डिग्री, रतलाम में 22.5 डिग्री, उज्जैन में 22.5 डिग्री, जबलपुर में 21.4 डिग्री, खजुराहो में 20.2 डिग्री, नौगांव में 19.8 डिग्री, रीवा में 18 डिग्री, सतना में 19.5 डिग्री, सीधी में 19.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 20 डिग्री, मलाजखंड में 22.2 डिग्री, सिवनी में 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### महू में पारा 4 डिग्री ,बर्फ की चादर वाहनों पर बर्फ की चादर दिखाई दी

महू-इंदौर जिले में महू छावनी में आज सुबह पारा 4 डिग्री तक पहुंच गया। माल रोड के मैदानी इलाकों में बर्फ की चादर वाहनों, आदि पर दिखाई दी है। इन्फेंट्री संग्रहालय के सामने के बंगले के रहवासी कैलाश शर्मा ने अपनी कार पर जमीं बर्फ बताई है तो महू तहसील के हांसलपुर निवासी नरेंद्र सोलंकी ने खेत का चित्र भेजा है जिस पर ओस की बूंदे बर्फ के माफिक जमी है।

# कांग्रेस-बीजेपी नेताओं को फिल्म दिखाएंगे दिग्विजय सिंह

## 13 जनवरी को जंगल सत्याग्रह का प्रीमियर शो; सीएम-वीडी को पूर्व सीएम ने दिया निमंत्रण

**भोपाल।** कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कांग्रेस और बीजेपी के नेताओं को फिल्म दिखाएंगे। 13 जनवरी को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में फिल्म जंगल सत्याग्रह का प्रीमियर शो आयोजित होगा। दिग्विजय सिंह ने इस शो के लिए कांग्रेस और बीजेपी के विधायकों, सांसदों, पूर्व विधायकों और मंत्रियों समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को निमंत्रण भेजा है।




शनिवार शाम को दिग्विजय सिंह ने सीएम हाउस पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस फिल्म के प्रीमियर शो में आने का निमंत्रण दिया। दिग्विजय सिंह के पीएस सचिन वत्स और मीडिया कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह परिहार ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को भी निमंत्रण भेजा। साथ ही, मोहन सरकार के मंत्रियों और बीजेपी विधायकों को भी निमंत्रण भेजा जा रहा है।

**फिल्म बैतूल के आदिवासियों के विद्रोह पर आधारित-** स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक बहुचर्चित आंदोलन जंगल सत्याग्रह में बैतूल के आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ 1930 में विद्रोह का बिगुल फूंका था। इस आंदोलन में आदिवासी नायक सरदार गंजन सिंह कोरकू, सरदार विष्णु सिंह गोंड, ठाकुर मोहकम सिंह, रामजी कोरकू और जुगरू गोंड द्वारा 1930 में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल और जमीन के लिए किए गए संघर्ष को फिल्म में दिखाया गया है। इस सत्याग्रह पर आधारित फिल्म जंगल सत्याग्रह का निर्माण बैतूल के स्थानीय कलाकारों ने किया है। इस फिल्म का प्रीमियर शो 13 जनवरी को विधानसभा के ऑडिटोरियम में रखा गया है।

# देवी अहिल्या पुरस्कार पर कांग्रेस की आपत्ति

**इंदौर।** श्री अहिल्योत्सव समिति इंदौर ने इस वर्ष का देवी अहिल्या पुरस्कार श्री रामजन्म भूमि मुक्ति आंदोलन के ज्ञात-अज्ञात कारसेवकों और मंदिर निर्माण के सहभागियों को समर्पित करने का निर्णय लिया है। समारोह का आयोजन 13 जनवरी को लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में सायं 5.30 बजे होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय को यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। चंपत राय को यह पुरस्कार दिए जाने का कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने विरोध जताया है।



केके मिश्रा ने एक्स पर लिखा- इस वर्ष का यह गरिमामयी पुरस्कार अयोध्या राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के आर्थिक मामलों में विवादास्पद, निर्माण में भ्रष्टाचार की गंध और भूमि खरीदी में घोटालों के कथित आरोपों में उलझे महामंत्री चंपत राय को दिया जाएगा। क्या पुण्यश्लोका कभी भी किसी भ्रष्टाचारियों भी संरक्षिका रहीं? क्या उन्होंने विवादास्पद चरित्रों का कभी भी पोषण किया? क्या उनके न्याय दंड और शंकर ऑर्डर से कोई भी गलत व्यक्ति लाभान्वित हुआ। यदि नहीं तो आप पुण्य श्लोका के नाम पर पुरस्कृत होने वाले इस नाम पर कृपा कर पुनर्विचार कीजिए।

उन्होंने लिखा है-आप संघ प्रमुख मोहन भागवत को यह सम्मान दे दीजिए, कोई असहमति नहीं होगी। कम से कम उनके सामाजिक और सार्वजनिक जीवन पर तो कोई दाग नहीं है। यदि चंपत राय को इस सम्मान से नवाज दिया गया तो अगले पुरस्कार का दावा चम्पू अजमेरा भी कर सकता है?

### हम व्यक्ति को नहीं, उनके काम को सम्मान दे रहे

इधर, केके मिश्रा के बयान पर सुमित्रा महाजन ने कहा कि मिश्रा को पता नहीं है चंपतराय का क्या योगदान है, हम व्यक्ति को नहीं, उनके काम को सम्मान दे रहे हैं। अहिल्या बाई पूरे शासन काल में मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार करती रहीं। राम मंदिर के लिए दशकों से संघर्ष करने वालों के प्रतिनिधि के रूप में चंपत राय का सम्मान के लिए चयन किया। दिवंगत, ज्ञात-अज्ञात समस्त कार सेवकों की तरफ से वे ही ग्रहण करेंगे। चंपत राय वर्षों से मंदिर मामले से जुड़े हैं, खुद को चौकीदार मानते हैं। मंदिर निर्माण तो विश्व के सभी राम भक्तों की श्रद्धा से हो गया।

# एमपी बोर्ड परीक्षा पैटर्न में बड़ा बदलाव, 10वीं और 12वीं के लिए नए नियम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2024-25 सत्र के लिए 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बड़े बदलाव किए हैं। छात्रों के लिए यह बदलाव काफी जरूरी है क्योंकि इससे परीक्षा की तैयारी की रणनीति पर प्रभाव पड़ेगा।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न में बड़ा बदलाव किया है। 2024-25 सत्र से 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में नए नियम लागू किए जाएंगे। इसके तहत, 10वीं और 12वीं के पेपरों के कुल अंक और मूल्यांकन पद्धति में परिवर्तन किया गया है। छात्रों के लिए ये बदलाव काफी जरूरी है, क्योंकि इससे परीक्षा की तैयारी की रणनीति पर प्रभाव पड़ेगा।



एमपी बोर्ड ने बताया कि अब 10वीं के हर विषय का पेपर 75 अंकों का होगा और आंतरिक मूल्यांकन के 25 अंक जोड़े जाएंगे। वहीं, 12वीं कक्षा में नॉन-प्रैक्टिकल विषयों का पेपर 80 अंकों का और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंकों का होगा। जिन विषयों में प्रैक्टिकल होते हैं, उनके लिए लिखित परीक्षा 70 अंकों की और प्रैक्टिकल परीक्षा 30 अंकों की होगी।

**सैंपल पेपर वेबसाइट पर उपलब्ध-** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस नए परीक्षा पैटर्न से संबंधित सैंपल पेपर अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। इन सैंपल पेपर्स का मुख्य उद्देश्य छात्रों को परीक्षा की संरचना और प्रश्नों के प्रारूप को समझाना है। हालांकि, मंडल ने स्पष्ट किया है कि ये सैंपल पेपर मुख्य परीक्षा के प्रश्न पत्रों से मेल नहीं खाएंगे।

बता दें कि, एमपी बोर्ड ने 2024-25 सत्र के लिए प्री-बोर्ड और मुख्य परीक्षा की तारीखें भी घोषित कर दी हैं। जिसमें,

- 10वीं प्री-बोर्ड परीक्षा- 16 जनवरी से 22 जनवरी 2025
- 12वीं प्री-बोर्ड परीक्षा- 16 जनवरी से 24 जनवरी 2025
- 10वीं मुख्य परीक्षा- 27 फरवरी से 19 मार्च 2025

# चिकलोद के समीप मुख्य सड़क पर घूमता दिखा बाघ, लोगों में दहशत

**रायसेन।** रायसेन सामान्य वन मण्डल सर्किल के तहत पैमत घाटी वनछोड डैम की सड़क के नजदीक जंगल में जहां एक तेंदुआ का मूवमेंट लंबे अरसे से बना हुआ है। हाल ही में ओबेदुल्लागंज सामान्य वन मण्डल के अंतर्गत चिकलोद रेंज में नबाव साहब की कोठी के समीप सुबह के वक़्त फिर टाइगर की चहलकदमी का मामला सामने आया है। जिससे राहगीरों और ग्रामीणों में डर और दहशत का माहौल बना हुआ है। ऐसी स्थिति में किसान अपने खेतों पर रबी सीजन की फसलों की सिंचाई करने खेतों की रखवाली करने नहीं जा पा रहे हैं। जब चिकलोद के नबाव साहब की कोठी के समीप सुबह के समय बाघ घूम रहा था तभी राहगीर ने गाड़ी खड़ी करके बाघ का वीडियो बनाया। बाघ ग्राम पंचायत चिकलोद कलाँ के आसपास मुख्य सड़क पर कभी भी दिख जाता है। चहलकदमी करते हुए बाघ का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



बता दें कि कि टाइगर रिजर्व रातापानी अभयारण्य लगा होने के कारण कभी भी मुख्य सड़क पर आ जाते है। चिकलोद घाटी से लगे जंगल में लंबे समय से तेंदुए का भी मूवमेंट लगातार बना हुआ है। यह तेंदुआ जब चाहे दिनदहाड़े सड़क पार करते राहगीरों और वाहन चालकों को नजर आ चुका है। एक बार एक शिक्षक शिक्षिका बाइक से दिन में स्कूल जा रहे थे तभी अचानक जंगल से बाहर तेंदुआ बाहर निकल आया तो उनकी कुछ देर सांसे थम गई थी। किसान द्वारका पटेल हेमराज गौर ने वन महकमे के अधिकारियों से गंभीरता से ध्यान देने को कहा है।

# इंदौर में दो भाजपा पार्षदों के बीच विवाद, एक बोले- संगठन गया चूल्हे में...

**इंदौर।** इंदौर में दो बीजेपी पार्षदों के बीच का विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। दोनों ही नेताओं के बीच जिस बातचीत को लेकर विवाद शुरू हुआ वह ऑडियो अब सामने आया है। दावा किया जा रहा है कि इस ऑडियो में जो व्यक्ति यह बोल रहा है कि संगठन-वंगठन चूल्हे में गया, वह बीजेपी पार्षद और एमआईसी सदस्य जीतू यादव हैं। जबकि दूसरी आवाज पार्षद कमलेश कालरा की बताई जा रही है। ऑडियो को लेकर किसी का अभी तक अधिकृत बयान नहीं आया है।



कालरा ने एमआईसी सदस्य जीतू यादव पर हमले का आरोप लगाया है। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक पार्षद कमलेश कालरा के बेटे दीपेश कालरा की शिकायत पर 30 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पार्षद कमलेश कालरा ने सोमवार को इंदौर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और जीतू यादव पर भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पार्षद ने कई आरोप लगाते हुए कहा कि अगर कार्रवाई नहीं होती है, तो वे अपने परिवार के साथ आत्महत्या करने पर मजबूर होंगे। इधर, पुलिस मामले में जांच कर रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमित सिंह ने बताया कि एमआईसी सदस्य जीतू यादव के लोगों ने पार्षद कमलेश कालरा के घर में घुसकर हमला किया था। घटना को लेकर कालरा मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से भी मिल चुके हैं।

**जीतू यादव बोले- संगठन के सामने अपना पक्ष रखूंगा-** जीतू यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे मीडिया के माध्यम से ही पता चला है कि मेरे आदमियों ने जाकर कमलेश कालरा के घर पर हमला किया। मेरे लोग उनके यहां नहीं गए। ऐसे में कमलेश कालरा ऐसे आरोप मुझ पर क्यों लगा रहे हैं? ये मुझे नहीं पता। मुझे वायरल हो रहे एक ऑडियो की जानकारी है। जिसमें कालरा जी आपा खोकर नगर निगम के एक कर्मचारी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने मुझ पर आरोप लगाए हैं। उसके बारे में संगठन के सामने अपना पक्ष रखूंगा। हम एक ही संगठन के हैं, इसलिए मिल बैठकर समस्या का हल निकाल लेंगे।

### तीन दिन पहले हुई घटना

तीन दिन पहले शनिवार को की गई मारपीट में बदमाशों ने वार्ड 65 के भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के नाबालिग बेटे को पीटा था। आरोप पार्षद और एमआईसी सदस्य जीतू यादव पर लग रहे हैं। घर में घुसकर बदमाशों ने उसके कपड़े उतार दिए और मारपीट की। इस दौरान पार्षद की मां और पत्नी से बदसलूकी हुई। पार्षद कालरा की गैरमौजूदगी में की गई इस गुंडागर्दी की शिकायत उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की है। घटना शनिवार सुबह की है, इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमित सिंह ने बताया कि एमआईसी सदस्य जीतू यादव के लोगों ने पार्षद कमलेश कालरा के घर में घुसकर हमला किया था।